


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 346 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 3 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## बिलासपुर एयरपोर्ट में लगा एक और सितारा, शुरू हुई इंदौर के लिए सीधी विमान सेवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर चकरभाटा एयरपोर्ट के माथे पर एक और सितारा जुड़ गया है। सोमवार को चकरभाटा एयरपोर्ट से बिलासपुर-इंदौर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू हो गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीएम हाउस से वर्चुअली इस विमान सेवा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय उड्?डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर बिलासपुर सांसद अरुण साव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे।

बता दें छत्तीसगढ़ सरकार ने 41 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर एयरपोर्ट का विकास 3 ष्ट्ङ्कस्नक्र श्रेणी किया है। इसके बाद सरकार ने डीजीसीए से लाइसेंस लिया है। बिलासपुर के चकरभाटा एयरपोर्ट से 1 मार्च 2021 को नियमित विमान सेवा की शुरुआत



की गई। 72 सीटर नियमित घरेलू विमान सेवा दिल्ली-जबलपुर-बिलासपुर-प्रयागराज सेक्टर के लिए किया जा रहा है। इस एयरपोर्ट से बिलासपुर-भोपाल के लिए भी नियमित विमान सेवा शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में सोमवार से इंदौर के लिए विमान सेवा का शुभारंभ किया गया। यह विमान सेवा अलायंस एयरलाइंस द्वारा शुरू किया गया है।

### देंगे सारी सुविधाएं-जोतिरादित्य सिंधिया

कार्यक्रम के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ दो राज्य हैं लेकिन कभी यह एक हुआ करते थे। मंध्यप्रदेश के शहरों को छत्तीसगढ़ से सीधे जोड़ने का अवसर है यह विमान सेवा। इस मौके पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट राज्य शासन के अधीन है और हम इस एयरपोर्ट को सारी सुविधाएं देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर-बिलासपुर विमान सेवा शुरू होने के बाद इंदौर शहर 20 शहरों से जुड़ चुका है। उन्होंने बताया कि बीतें 8 वर्षों में 67 नए एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं। केन्द्र सरकार देश के सभी राज्यों में विमानन सेवा व एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने का काम कर रही है।

### सीएम बघेल ने दी बधाई

बिलासपुर-इंदौर विमान सेवा का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर व छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से विमान सेवा शुरू होने पर सभी को बधाई। बिलासपुर एयरपोर्ट से मुंबई, कोलकाता, चेन्नई व बेंगलुरू के लिए सीधी विमान सेवा शुरू करने की पहल की जाएगी। इस मौके पर सीएम भूपेश बघेल ने चकरभाटा एयरपोर्ट से लगी 1000 एकड़ जमीन को आर्मी को दिया गया है जहां वर्तमान में कोई विकास नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल केन्द्र सरकार से अनुरोध कर कहा कि उक्त जमीन को फ्री किया जाए जिससे कि एयरपोर्ट के विकास के लिए और अधिक जमीन उपलब्ध हो सके।

> "मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बिलासपुर से अन्य बड़े शहरों जैसे मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलोर के लिये भी विमान सेवा प्रारम्भ की जाय। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा प्रारम्भ करने और यहां अंतर्राष्ट्रीय कार्गो हब की स्थापना के लिये केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आग्रह करते हुए कहा कि रायपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार तैयार किया जा चुका है। इसके लिए राज्य शासन द्वारा रायपुर एयरपोर्ट हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को 461.20 एकड़ भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। जिस पर रनवे विस्तार, नवीन टर्मिनल भवन निर्माण, एटीसी टॉवर निर्माण कर इसे अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार तैयार किया जा चुका है। एयरपोर्ट विकास हेतु भूमि की लंबित मांग, एयरपोर्ट परिसर के सुरक्षा सबंधी समस्याओं का राज्य शासन द्वारा समाधान कर लिया गया है। जिससे रायपुर एयरपोर्ट अब अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के संचालन हेतु तैयार है।''

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की तस्वीर पर गरमाई सियासत

## इंदौर के सांसद की नसीहत पर सीएम बघेल का पलटवार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बिलासपुर के बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से बिलासपुर-इंदौर के लिए सोमवार से सीधी विमान सेवा शुरू हो गई। सोमवार को वर्चुअल कार्यक्रम में केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और रायपुर सीएम कार्यालय से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। वहीं इंदौर से इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से सांसद शंकर लालवानी भी जुड़े। भाषण के दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की तस्वीर को लेकर विवाद छिड़ गया। दरअसल इंदौर सांसद ने सीएम बघेल के कार्यालय में लगे पोस्टर में मंत्री की तस्वीर नहीं होने पर तंज कसा तो सीएम बघेल ने भी पलटवार किया।

वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान अपनी बारी आने पर इंदौर सांसद ने इंदौर से बिलासपुर के







बीच सीधी विमान सेवा के लिए बधाई दी और इसके बाद उन्होंने तस्वीर को लेकर नसीहत दे दी। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह एक शासकीय कार्यक्रम है और इंदौर में कार्यक्रम स्थल पर जो पोस्टर लगा है उसमें हमने मंत्री ज्योतिरादित्स सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीर भी लगाई है। सांसद से सीएम बघेल को नसीहत वाले लहजे में कह दिया कि आपके कार्यालय में जो पोस्टर लगा है उसमें केन्द्रीय मंत्री तस्वीर होनी चाहिए थी।

इसके बाद कार्यक्रम से केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जुड़े। उन्होंने अपनी बात रखी। जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बोलना शुरू किया तो उन्होंने तस्वीर वाली बात पर पलटवार भी किया। उन्होंने सांसद शंकर लालवानी की नसीहत का जवाब देते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री निवास कार्यालय है और यहां हमारी सरकार मंत्री व सचिव बैठे हैं। इंदौर में कार्यक्रम स्थल पर पोस्टर लगा है। रही बात तस्वीर की तो इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए। इंदौर के साथ ही बिलासपुर में भी विधायक सांसद बैठे हैं तो तस्वीर को लेकर ऐसी बातें शोभा नहीं देती।

## चीन जा रहे ईरान के विमान में बम की सूचना से हड़कंप, सभी एयरफोर्स स्टेशन अलर्ट पर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईरान से चीन जा रहे एक विमान में बम की सूचना से आज सुबह हड़कंप मच गया है। यह विमान दिल्ली के एयरस्पेस की ओर बढ़ रहा था, तभी एयरलाइंस की ओर से इसमें बम होने का अलर्ट मिला। विमान को तत्काल दिल्ली में उतारने की इजाजत मांगी गई। दिल्ली एटीसी ने उसे जयपुर एयरपोर्ट पर उतरने को कहा। इसी बीच, भारतीय



वायुसेना के लड़ाकू विमान इसके पीछे लगा दिए गए।

ईरान का यह विमान दिल्ली में नहीं रुकता है। जब उसे दिल्ली में उतरने की इजाजत नहीं दी गई तो पायलट उसे लेकर चीन के हवाई क्षेत्र की ओर बढ़ गया। सुरक्षा एजेंसियां विमान की निगरानी कर रही हैं। दिल्ली एटीसी के सूत्रों ने बताया कि यह विमान तेहरान से चीन के ग्वांगझू जा रहा था।

## दुर्गा पंडाल में लगी आग, तीन बच्चे और दो महिलाएं जिंदा जली, झुलसने से 41 की हालत गंभीर

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में भीषण हादसा हो गया। यहां रविवार शाम एक दुर्गा पंडाल में आग लगने से तीन बच्चे और दो महिलाएं जिंदा जल गई। वहीं 41 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना यूपी के भदोही की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की संख्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। वहीं इस भीषण आगजनी में 11 लोग मामूली रूप झुलसे हैं। इन सभी को वाराणसी के बीएचयू रेफर किया गया है। हादसा औराई क्षेत्र के नरथुआ में हुआ है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त पंडाल में करीब डेढ़ सौ लोग मौजूद थे। दुर्गा पंडाल में आग लगने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी पीड़ितों के लिए उचित उपचार और मुआवजे का एलान किया है। वहीं इस घटना पर दु:ख भी व्यक्त किया है। पुलिस के मुताबिक, आग उस समय लगी जब पंडाल में शंकर और काली मां के नाटक का मंचन चल रहा था। इससे अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भीड़ ज्यादा होने की वजह से लोग जब तक बाहर निकलते, उससे पहले आग की चपेट में आ गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह से लोगों को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार शॉर्ट-सर्किट की वजह से यह आग लगी। इसके बाद पूरे पंडाल में फैल गई।

## आस्था की टीआरपी बटोरने बाले

श्रीकंचनपथ




कुछ लोगों के लिए आस्था-वास्था सब बेकार की बातें होतीं हैं. वे तो पूजा पंडाल भी जाते हैं तो उनकी नजर इसीपर लगी रहती है कि युवतियां और महिलाएं क्या-क्या पहनकर आई हैं. ऐसा करके वे संस्कृति को कितना नुकसान पहुंचा रही हैं. उनके कान पूजा करा रहे पुरोहित के उच्चारण की अशुद्धियां ढूंढने में लगी रहती हैं. इस चक्कर में उनकी अपनी पूजा धरी-की-धरी रह जाती है. ऐसे लोग सिर्फ अपनी टीआरपी के चक्कर में आस्था के सवाल उठाना चाहते हैं. यह तो भला हो फ्यूजन गरबा खेलने और देखने आए लोगों का कि उसकी तरफदेखने या उसपर ध्यान देने की किसी को फुर्सत नहीं थी. नेहरू नगर कालीबाड़ी के पास चल रहे इस कार्यक्रम में उसने विघ्न डालने की काफी कोशिशें कीं पर सफल नहीं हो पाया. डीजे की आवाज से भी ऊंचा बोलने वाले होते होंगे, पर हमें ऐसा कोई आदमी अब तक मिला नहीं है. पर यह चीख रहा था. इस शख्स का दावा था कि उसने गर्भदीप के पास मुख्य अतिथि को जूता पहने देखा था. मुख्य अतिथि एक नामचीन क्लासिकल डांस गुरू हैं. जूता पहनकर दीप प्रज्वलन करना तो दूर, शास्त्रीय नृत्य या संगीत से जुड़ा कोई भी शख्त बिना जूता उतारे या मंच को प्रणाम किए मंच पर जाता ही नहीं है. ऊपर से यहां तो गरबा के घेरे की भीतर जाने के लिए भी जूते उतारने की व्यवस्था थी. बहरहाल एक वरिष्ठ पत्रकार के हस्तक्षेप से बात आगे बढ़ने से रह गई. पर शिकायती इसके बाद भी अपशब्द कहता हुआ घेरे की बल्ली पर झूलता रहा. दरअसल, कुछ लोगों का काम ही विघ्न पैदा करना या चूकें ढूंढना होता है. ऐसा वो दो कारणों से करते हैं. एक तो अपना ज्ञान बघारने के लिए और दूसरा लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए. ऐसे लोग ऊलजलूल सवाल पूछकर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं. जहां तक धर्म और संस्कृति की बात हैं तो उसका संरक्षण अवश्य होना चाहिए. पर इस बात का भी स्मरण रहे की धर्म या संस्कृति स्थूल पाषाण नहीं है. यह डायनामिक है. यह समय के साथ-साथ बदलता, परिष्कृत और पुष्ट होता चला जाता है. सदियों के इतिहास में ऐसे कई परिवर्तन हुए हैं जो लिखित में नहीं है, पर हम सभी उसे महसूस कर सकते हैं. जब इन सांस्कृतिक परम्पराओं की नींव पड़ी तो न माइक थे और न डीजे. ढोल मंजीरे के साथ ही जगराता, जसगीत होते थे. पर क्या आज कोई बिना साउंड सिस्टम के इन कार्यक्रमों की कल्पना कर सकता है? पर सांस्कृतिक परम्परा का मूल स्वरूप नष्ट नहीं होता. गरबा का भी मूल यही है कि लोग एक साथ गर्भदीप का चक्कर काटते हुए नाच-गाकर सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं. भिलाई इसका बेहतरीन नमूना है जहां अलग-अलग पंथ और आस्था के लोग भी गरबा खेलते हैं. इसमें विघ्न पैदा करने वाले, उन राक्षसों की श्रेणी में आते हैं जिनका वध करने के लिए गुरू वशिष्ठ, राम और लक्ष्मण को राजा दशरथ से मांग कर ले गए थे. जय माता दी!



## संपादकीय

# कुछ देर से 5जी

अलग-अलग चरणों में सफल प्रयोगों के बाद भारत में पांचवीं पीढ़ी की वायरलेस दूरसंचार सेवा की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस सेवा की विधिवत शुरुआत कर दी है और अपना देश संचार के नए युग में प्रवेश कर गया है। मोटे तौर पर इंटरनेट सेवा की रफ्तार कम से कम दोगुनी हो जाएगी। भारती एयरटेल ने बाजी मारते हुए दिल्ली, मुंबई, वाराणसी और बेंगलुरु सहित आठ शहरों में 5जी सेवाएं शुरू की है। प्रतिद्वंद्वी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगस्त में ही कह दिया था कि वह दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में दिवाली तक और अगले साल दिसंबर तक पूरे भारत में अपनी 5जी सेवाओं को शुरू करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जाहिर है, 5जी सेवाओं का भारत में अगले साल ठीक-ठाक प्रसार हो जाएगा। अगले साल बाकी दूरसंचार कंपनियों को भी 5जी सेवा के साथ मैदान में उतरना होगा। आज डाटा और तेज नेटवर्क की जरूरत तेजी से बढ़ रही है, लोग नहीं चाहते कि नेटवर्क में किसी तरह की बाधा रहे या किसी फोटो या वीडियो को देखने के लिए सेकंड भर भी इंतजार करना पड़े। वैसे, हमें ध्यान रखना चाहिए कि 5जी सेवा के मामले में भारत कुछ पिछड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक लगभग 70 देशों में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया था। साल 2020 के मध्य तक 38 देशों में 5जी की पहुंच हो गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि कोरोना महामारी की वजह से भी विलंब हुआ है। दुनिया में 5जी की शुरुआत को चार साल भी नहीं हुए हैं, लेकिन इस साल के अंत तक 5जी सेवा की पहुंच एक अरब से ज्यादा लोगों तक हो जाएगी। एक अरब 4जी यूजर्स तक पहुंचने में चार साल लग गए थे और एक अरब 3जी यूजर्स तक पहुंचने में 12 साल लगे थे। मतलब अब दुनिया में नई तकनीक का प्रसार काफी तेजी से होने लगा है। अमेरिका और यूरोप 5जी सेवा में सबसे आगे हैं। हालांकि, दक्षिण कोरिया वह देश है, जिसने सबसे पहले 5जी नेटवर्क को तैनात किया था। उम्मीद है, 2025 तक, दक्षिण कोरिया में लगभग 60 प्रतिशत मोबाइल धारक 5जी सेवा ले रहे होंगे। भारत में देरी हुई है, उसके लिए पूर्व में हुआ भ्रष्टाचार, नौकरशाही की उदासीनता और अनावश्यक मंजूरी प्रक्रियाएं जिम्मेदार हैं। अभी भी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। जब तमाम सेवाओं का ऑनलाइन होना अनिवार्य हो गया है, तब तेज नेटवर्क की अनिवार्यता निर्विवाद है। डाटा को तेजी से साझा करना, परस्पर जोड़ना और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी 5जी की सहायक भूमिका होगी। 5जी सेवाओं से स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा से लेकर कृषि और आपदा निगरानी तक सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। हम सब जानते हैं कि वर्क फ्रॉम होम को तेज इंटरनेट ने ही साकार किया है, वरना किसने सोचा था कि घर बैठकर भी दफ्तर के सारे काम हो सकते हैं? 4जी सेवा का कमाल हम देख चुके हैं और अब 5जी की बारी है। चलते-फिरते कहीं से भी काम आसान हो जाए, कोई ऐसी जगह शेष न रहे, जहां नेटवर्क की पहुंच न हो। अभी भी कई स्थान शहरों में ऐसे हैं, जहां कमजोर नेटवर्क की शिकायत है। कहीं कॉल में भी परेशानी होती है, तो कहीं डाटा नेटवर्क बाधित हो जाता है। 4जी के समय में 2जी की गति वाले इलाके भी हैं और दूरसंचार क्षेत्र में सेवा भी विगत महीनों में महंगी हुई है। मतलब, जरूरी है कि कोई सेवा केवल कागज पर न रहे, जमीन पर भी उतरे।

> “ आज डाटा और तेज नेटवर्क की जरूरत तेजी से बढ़ रही है, लोग नहीं चाहते कि नेटवर्क में किसी तरह की बाधा रहे या किसी फोटो या वीडियो को देखने के लिए सेकंड भर भी इंतजार करना पड़े। वैसे, हमें ध्यान रखना चाहिए कि 5जी सेवा के मामले में भारत कुछ पिछड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक लगभग 70 देशों में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया था। साल 2020 के मध्य तक 38 देशों में 5जी की पहुंच हो गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि कोरोना महामारी की वजह से भी विलंब हुआ है।

## क्षण में उतरना सीखें

आपने टीवी क्विज कार्यक्रमों में बार-बार सुना होगा- 'योर टाइम स्टार्ट्स नाऊ।' जब भी प्रतिभागियों को किसी प्रश्न का उत्तर देना होता है, तो टाइमर टिक-टिक करना शुरू कर देता है। प्रतियोगियों का ध्यान पूरी तरह एकाग्र हो जाता है, उनकी बुद्धि उस्तरे की तरह तेज हो जाती है और हर क्षण अनंत काल बन जाता है। दर्शकों की भी सांसें रुक-सी जाती हैं। इस तरह की तीव्रता एक नशा-सा देती है, क्योंकि सभी इंद्रियां जागृत हो जाती हैं। सब कुछ जीवंत लगने लगता है। अफसोस! यह सघनता पूरे जीवन में नहीं फैलती है। दरअसल, जिंदगी का हर पल उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि किसी क्विज शो का पल। जीवन एक बहुत बड़ा प्रश्नोत्तरी शो है और इसका कोई जवाब नहीं है, इसमें केवल प्रश्न हैं। लोग कई तरह से इनका उत्तर खोजने की कोशिश करते हैं : शास्त्रों में, ज्योतिष या रत्नों से, गुरु में, लेकिन यह सब कुछ एक अनुमान है। इधर-उधर भटकने में समय बर्बाद करने के बजाय हर पल को पूरी तरह जीना सीखिए। ओशो जैसे प्रबुद्ध पुरुष हमेशा पल में जीने की बात करते हैं, क्योंकि उनके लिए समय हमेशा 'अभी' शुरू होता है। उनके लिए, इस क्षण के अलावा कोई दूसरा क्षण नहीं है। लेकिन एक औसत व्यक्ति के लिए सवाल यह है कि इस 'अभी' को कैसे पकड़ा जाए? इसे कहां खोजें? यह इतना सूक्ष्म है कि इसे कतई पकड़ा नहीं जा सकता। जब तक लोग जागरूक होते हैं, तब तक वह फिसल चुका होता है और अगला क्षण बन जाता है। एक ध्यानी ही 'अभी' को खोज सकता है, क्योंकि वह गहराई में रहता है।

> “ देश भर के हजारों गांवों में, ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन अब घरेलू स्तर पर कचरे को गीले एवं सूखे कचरे में अलग-अलग करके और घर-घर जाकर इसके संग्रहण के जरिए से किया जा रहा है। पंचायतों और महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कंपोस्टिंग और जहां संभव हो वहां बायोगैस के उत्पादन के जरिए गीले कचरे के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो बाद में आय सृजन का साधन बन जाता है।

# ओडीएफ से आगे- 'संपूर्ण स्वच्छ भारत' की ओर



गजेंद्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार



हमारे प्रधानमंत्री के 2 अक्टूबर, 2014 को लाल किले की प्राचीर से खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) भारत निर्माण के स्पष्ट आह्वान के बाद, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रह गया, बल्कि यह एक जन आंदोलन बन गया। परिणाम दुनिया के सामने है। 2 अक्टूबर, 2019 तक 110 मिलियन शौचालयों का निर्माण हुआ और हमारी 550 मिलियन ग्रामीण आबादी को घरेलू स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त हुई, जिससे भारत ओडीएफ स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभावों को हासिल करने में सक्षम हुआ। माननीय प्रधानमंत्री को उल्लेखनीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य परिणामों और उसके बाद के आर्थिक लाभ के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट फाउंडेशन के ग्लोबल गोल कीपर्स अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया।

एक स्वस्थ राष्ट्र, एक सशक्त राष्ट्र होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व में, एसबीएम ने भारत को दुनिया की पांचवीं अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यूनिसेफ के एक स्वतंत्र अध्ययन में कहा गया है कि ओडीएफ गांवों में रहने वाले औसत परिवार ने प्रति वर्ष 50,000 रुपये का संचयी लाभ अर्जित किया, और नए शौचालय वाले घरों के संपत्ति-मूल्य में एक बार के लिए 19,000 रुपये की वृद्धि देखी गई। औसतन, नए घरेलू शौचालयों की कुल लाभ लागत से 4.7 गुना अधिक पाई गई।

महात्मा गांधी की जयंती- 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस 2022 मनाने के क्रम में, एसबीएम अपने दूसरे चरण में दो साल से अधिक पूरे कर चुका है और ओडीएफ की उपलब्धि हासिल करने के बाद अब ओडीएफ प्लस के लिए प्रयासरत है। आइए हम इसे आसान शब्दों में समझते हैं- एसबीएम-जी के चरण ब्बब, 'ओडीएफप्लस' के मुख्य उद्देश्यों में शामिल हैं- शौचालयों के निर्माण और उपयोग से आगे बढ़कर समग्र सार्वभौमिक स्वच्छता की दिशा में शौचालयों का निरंतर उपयोग; हमारे घरों व समुदायों से उत्पन्न जैविक रूप से अपघटित होने वाले और गैर-अपघटित रहने वाले कचरे सहित ठोस एवं तरल अपशिष्ट का पर्यावरण-अनुकूल और आर्थिक रूप से व्यवहार्य प्रबंधन और परिणामत: स्वच्छ परिवेश का निर्माण आदि। यह 'संपूर्ण स्वच्छता' के गांधीवादी सिद्धांतों के अनुरूप है और ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के लिए समर्पित और विशिष्ट तकनीकी उपायों के माध्यम से स्वच्छता मिशन के चरण के हिस्से के रूप में आजीविका के अवसरों के सृजन से जुड़े हमारे उद्देश्य का भी समर्थन करता है।

देश भर के हजारों गांवों में, ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन अब घरेलू स्तर पर कचरे को गीले एवं सूखे कचरे में अलग-अलग करके और घर-घर जाकर इसके संग्रहण के जरिए से किया जा रहा है। पंचायतों और महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कंपोस्टिंग और जहां संभव हो वहां बायोगैस के उत्पादन के जरिए गीले कचरे के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो बाद में आय सृजन का साधन बन जाता है। घरों और विभिन्न संस्थानों से निकले प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन गांवों में फॉरवर्ड लिंकेज की व्यवस्था के साथ संग्रहण एवं अलगाव केंद्रों के जरिए किया जा रहा है। प्लास्टिक कचरे को टुकड़े-टुकड़े में बांट करके उसे उपयुक्त रूपों में परिवर्तित कर दिया जाता है, जिससे इसका सड़क निर्माण और सीमेंट कारखाने जैसी गतिविधियों में आगे इस्तेमाल संभव हो पाता है। इस क्रम में आजीविका का सृजन होता है। उदाहरण के लिए, कर्नाटक के वंदसे की ग्राम पंचायत में खाद एवं एकत्रित किए गए सूखे कचरे की बिक्री से प्रति माह लगभग 88,000 रुपये मिलते हैं। इसी तरह, 100 केएलडी की क्षमता वाली जल शोधन प्रणाली की सहायता से हरियाणा के कुरक जागीर की ग्राम पंचायत में मछली पालन में इस्तेमाल किए जाने वाले शोधित अपशिष्ट जल के जरिए मछली पालन से सालाना लगभग एक लाख रुपये जुटाए गए हैं। ग्रामीण भारत से रोजाना सामने आने वाली ऐसी कई कहानियों के ये दो प्रतिनिधि उदाहरण भर हैं।

ऐसे ही कई विकल्पों में से एक गोवर्धन योजना भी है। हमारे गांवों को रसोई से निकलने वाले बचे हुए खाद्य पदार्थों, फसलों के अवशेष और बाजार के कचरे सहित पशु एवं अन्य जैव-अपशिष्टों के प्रबंधन की चुनौती का सामना करना पड़ता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे से कंचन बनाने का विचार दिया। इस प्रकार, गोवर्धन योजना के तहत 125 जिलों में लगे 333 गोवर्धन संयंत्र न सिर्फ खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन प्रदान कर रहे हैं और/या कई घरों में रोशनी बिखेर रहे हैं, बल्कि कई लोगों के लिए नौकरी और आय का स्रोत भी सृजित कर रहे हैं। यह वास्तव में एक च्अपशिष्ट से धनज् की प्रणाली है जो जैव-अपघटित कचरे को संग्रहित करने और कचरे को संसाधनों में बदलने, जीएचजी उत्सर्जन को कम करने व कच्चे तेल के आयात पर हमारी निर्भरता को कम करने, उद्यमशीलता को सुदृढ़ करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने में मदद करती है।

घरेलू अपशिष्ट जल (शौचालय से निकलने वाले पानी को छोड़कर), जिन्हें तकनीकी रूप से गंदला पानी (ग्रे वाटर) कहा जाता है, के प्रबंधन के लिए सुजलम 1.0 और सुजलम 2.0 अभियान की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी कि तालाब, झील और नदी जैसे मूल्यवान ग्रामीण प्राकृतिक जल संसाधनों को इस किस्म का अपशिष्ट जल दूषित नहीं करे। मलयुक्त गाद के प्रबंधन के लिए, हम राज्यों को सभी एकल-पिट वाले शौचालयों को दोहरे- पिट वाले शौचालयों में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिनमें शोधन की सुविधा अंतर्निहित होती है। सेप्टिक टैंक जैसे अन्य प्रकार के शौचालयों के लिए, मलयुक्त गाद के शोधन संयंत्रों में सेप्टेज और मल अपशिष्ट के संग्रह, परिवहन व शोधन सहित मलयुक्त गाद की प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

उपर्युक्त सभी कदमों के अलावा लोगों को सुरक्षित स्वच्छता प्रणालियों और तौर-तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु उनके व्यवहार में बदलाव लाने के लिए व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके लिए स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एसबीएम के तहत वार्षिक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना, बेहद पुराने कचरे या अपशिष्ट एवं कचरे की भरमार वाले स्थलों की सफाई पर ध्यान केंद्रित करना, कचरे के निकलने वाले स्थल पर ही उसका पृथक्करण सुनिश्चित करना, कचरा संग्रह एवं पृथक्करण शेड का निर्माण करना, कचरा संग्रह वाहनों को खरीदना, घर-घर जाकर गैर-जैवकीय कचरे का संग्रह करना, जल स्रोतों को साफ रखना, वृक्षारोपण, एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (एसयूपी) पर लगाए गए प्रतिबंध को लागू करवाना, इत्यादि शामिल हैं। इस वर्ष 2 करोड़ से भी अधिक लोगों ने श्रमदान के जरिए एसएचएस 2022 में भाग लिया, और 4,60,000 से अधिक पुराने कचरे के ढेरों की पहचान की गई एवं उन्हें साफ किया गया।

पिछले ढाई वर्षों में हमारे समस्त प्रयासों से क?या-क्या हासिल हुआ है? मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि 1.14 लाख से भी अधिक गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है और लगभग 3 लाख गांवों ने ओडीएफ प्लस बनने की अपनी यात्रा शुरू करते हुए ठोस व तरल कचरा निपटान कार्य बाकायदा शुरू कर दिए हैं।


इसके तहत मुख्य लक्ष्य छह लाख ओडीएफप्लस गांवों को बनाना और इसके साथ ही ऐसा करते हुए ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों को रोजगार मुहैया कराना एवं उनका आय स्तर बढ़ाना है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के जिम्मेदार और गौरवान्वित नागरिकों के रूप में आइए हम सभी स्वच्छता से स्वावलंबन के अपने प्रयासों के तहत एकजुट हो जाएं और समस्त वैश्विक समुदाय के लिए संपूर्ण स्वच्छता और साफ-सफाई की एक अनुकरणीय मिसाल बन जाएं!

# महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की दिशा में बढ़ता छत्तीसगढ़

ऋषिता दीवान, जगदलपुर

**रायपुर।** ग्राम स्वराज की परिभाषा गढ़ते वक्त महात्मा गांधी यह जानते थे कि हमारा देश अपनी जड़ों को मजबूत करके ही अपनी पहचान को सुरक्षित रख सकता है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इन्हीं विचारों को आत्मसात कर छत्तीसगढ़ राज्य आज निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। गांधी के इन विचारों का सटिक उदाहरण है छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वार चलाई जा रही सुराजी ग्राम योजना। जिसके अंतर्गत अंधाधुंध विकास की भेंट चढ़ते नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी को फिर से सहेजा गया और अब इसे नए तरह से विकसित किया जा रहा है। सुराजी गांव योजना में बनें गौठान आज ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को सृदृता मिली गोधन न्याय योजना की शुरूआत से। जिससे आज पशुपालक और ग्रामीण गोबर और गोमूत्र बेचकर अपनी जिविकोपार्जन को नया आधार दे रहे हैं।

महात्मा गांधी स्वच्छता के हिमायती थे वे चाहते थे कि सरल जीवन और स्वच्छ वातावरण हर किसी का आधार हो और यही वजह है कि स्वच्छता की दिशा में छत्तीसगढ़ लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर साल-दर-साल मिलने वाले स्वच्छता पुरस्कार यह साबित करते हैं कि छत्तीसगढ़



में गांधी के स्वराज की अलख जाग चुकी है।

बापू चाहते थे कि भारत के अंतिम छोर पर बैठे हर व्यक्ति तक बुनियादी जरूरतें पहुंचे। उनके इन विचारों को धरातल पर उतारने की दृष्टि से ही छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर साल 2019 में 5 बड़ी योजनाओं की घोषणा की थी। ताकि राज्य के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंच सके। इनमें कुपोषण से पीड़ित बच्चों और एनिमिया से लड़ रही महिलाओं के लिए सुपोषण अभियान, प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले आदिवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए हाट बाजार क्लिनिक योजना, गरीब और रोजी-मजदूरी करने वाले श्रमिक बस्तियों के लिए मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, राज्य के सभी परिवारों की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौम पीडीएस और नागरिक सेवाओं के तत्काल उपलब्धता के लिए मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना की शुरूआत की गई थी। इन योजनाओं का लाभ आज छत्तीसगढ़ के हर व्यक्ति तक पहुंच रही है। इनके अलावा राजीव गांधी किसान न्याय योजना से छत्तीसगढ़ के किसान अब खेती को नया आयाम दे रहे हैं। आर्थिक रूप से सश्क्त हो रहे किसान गांधी के ग्राम स्वराज को लाने में एक मजबूत कड़ी साबित होंगे। राजीव युवा मितान क्लब योजना से राज्य के कामों में युवाओं की सहभागिता से समाज को सकारात्मक गति मिलेगी। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल से गरीब वर्ग के बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। साथ ही राज्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शक्ति स्वरूपा योजना, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए दाई-दीदी क्लिनिक योजना, महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमर बेटी-हमर मान योजना का संचालन भी समाज में लिंग असामनता की खाई को पाट रहा है। महात्मा गांधी ये चाहते थे कि हर वर्ग ऊपर उठे, समाज में समरसता आए, गरीब और अंतिम छोर के व्यक्ति की भी बुनियादी जरूरतें पूरी हो, शिक्षा की अलख जगे तभी असली स्वराज को हासिल किया जा सकता है। महात्मा गांधी के इन विचारों पर चलते हुए आज छत्तीसगढ़ राज्य नए कल की ओर बढ़ते हुए गढ़ रहा है 'नया छत्तीसगढ़'

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी शादी कार्ड रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैंड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE 93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



बच्चे बने गांधी, विधायक के नेतृत्व में अनोखे तरीके से मनाई गई गांधी जयंती

# देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में गांधी की विचारधारा आज की आवश्यकता: वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हिंदी भवन के सामने स्थित गांधी तिराहे में वरिष्ठ कॉंग्रेस विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ मंच जैसे महिला संगठनों के द्वारा अनोखे तरीके से घर घर गांधी-बच्चा बच्चा गांधी की तर्ज पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। जहां छोटे छोटे बच्चों द्वारा गांधी जी की वेशभूषा में राष्ट्रगान एवं गांधी जी के प्रिय भजन गाए गए।




विधायक वोरा ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि गांधी सिर्फएक नाम नहीं बल्कि विचारधारा है, 200 से भी अधिक वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी में लगातार देशवासियों के हितों की उपेक्षा हो रही थी जब इस गुलामी से बाहर आने के लिए पूरी आवाम एक नेतृत्व की ओर देख रही थी ऐसा नेतृत्व बनकर उभरे गांधी जी ने देश की आत्मा को एक किया। राष्ट्र के सुदृढ निर्माण के लिए उनकी विचारधारा के पद चिन्हों पर चलते हुए ही कांग्रेस पार्टी ने देश की सेवा की है। आज ऐसा दौर है जहां लोग जनसेवा के नाम पर सूट बूट में आ जाते हैं लेकिन गांधी एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जिन्होंने सूट बूट छोड़ कर खादी की हस्त निर्मित धोती पहन कर अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी एवं देश को आजादी दिलाने के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया। जिस तरह से देश मे साम्प्रदायिक सौहाद्र की कमी लगातार देखने को मिल रही है एवं विश्व मे कई विचारधाराएं एवं मुल्क आपस में एक दूसरे के दुश्मन बन गए हैं ऐसे समय मे देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व मे महात्मा के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि बाल्यकाल से ही जब बच्चे गांधी जी को जानेंगे तभी एक अहिंसक एवं सन्मति युक्त सौहाद्रपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। पूरे विश्व को अहिंसा का पथ प्रदर्शित करने वाले महान विभूति हमारे देश मे हुए इसका हम सभी को गर्व होना चाहिए, वोरा ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं आदर्श स्कूल की छात्राओं द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता रैली को भी संबोधित किया उन्होंने प्रदेश सरकार को गांधीवादी विचारों वाली बताते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था भारत की आत्मा इसके गांवों में बसती है जिसे संकल्प मान कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, नागरिक सशक्तिकरण, जन स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में लगातार लोगों को सुदृढ करने का कार्य किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल, डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता, भूमिहीन मजदूर न्याय, किसान न्याय, मोबाइल क्लिनिक, सियान हेल्पलाइन जैसी योजनाएं गांधी जी का सच्चा अनुकरण है। इस दौरान अन्य पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू,शहर अध्यक्ष गया पटेल, डॉ आरके खंडेलवाल, अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली,पार्षद एवं एमआईसी गण, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के शिवाकांत तिवारी, बेटी बचाओ मंच से रश्मि अग्रवाल, शिरीन पांडेय एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# प्रदेश भर में 145 विकासखंडों में कुल 300 रीपा किए जा रहे विकसित

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत 'महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा)' का द्वारा बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान शिलान्यास किया । अपने निवास कार्यालय में आयोजित इस राज्य स्तरीय शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर के 145 विकासखण्डों के 300 रीपा का शिलान्यास किया है।



इनमें धमतरी जिले के आठ रीपा भी शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती में उनका स्मरण किया। उन्होंने आगे कहा कि गांधीजी ने जो ग्राम स्वराज का सपना देखा था, उसे धरातल पर मूर्त रूप देने प्रदेश में लगातार काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत अनेक काम किए जा रहे हैं। गोधन न्याय योजना के गौठानों में गोबर खरीदने के साथ ही गोबर से खाद और अन्य उत्पाद भी महिला समूह तैयार कर रही है। आज रीपा उसी कड़ी में और एक कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए बजट में 600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। रीपा विकसित होने से स्थानीय जरूरत और बाजार की संभावनाओं के आधार पर अनेक उद्यम स्थापित होंगे और लोगों को रोजगार, स्वरोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में बेहतर बदलाव आए, इस दिशा में प्रदेश सरकार आगे भी काम करेगी। पहले चरण में जहां 300 गौठानों का चयन किया गया, आगे हर गांव में रीपा विकसित करने की योजना है और इसमें राशि की कोई कमी नहीं आएगी। मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

दोपहर 12 बजे से आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में ज़िला सहित सभी विकासखंड भी जुड़े रहे। जिला स्तरीय शिलान्यास कार्यक्रम धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अछोटा में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और सिहावा विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने अपने उद्बोधन की शुरुवात में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए की। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आज आयोजित राज्य स्तरीय वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में धमतरी जिले के भी आठ गौठान सम्मिलित हैं, जहां रीपा विकसित किया जा रहा है।

## खास खबर

### दशहरा पर कांकेर में पहली बार होगा लेजर शो, आतिशबाजी भी होगी

**कांकेर।** शहर में दशहरा पर्व पर 5 अक्टूबर को रावण दहन का आयोजन नरहरदेव मैदान में किया जाता है। अब तक रावण दहन कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी के साथ रामलीला मंडली राम रावण युद्ध प्रसंग करती थी। इस वर्ष पहली बार उक्त दोनों कार्यक्रमों के साथ लेजर शो का आयोजन होगा। लेजर शो के लिए बैंगलोर की कंपनी कांकेर पहुंच रही है। दशहरा पर मुख्य कार्यक्रम शहर के नरहरदेव मैदान में होगा। मैदान में कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। दशहरा कार्यक्रम का आयोजन गढ़िया महोत्सव आयोजन सश्रीमती तथा नगर पालिका द्वारा किया जाता है। गढ़िया महोत्सव आयोजन सश्रीमती अध्यक्ष विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी तथा कलेक्टर डा प्रियंका शुक्ला ने आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में लोक निर्माण विभाग को मैदान में बेरिकेटिंग लगाने की जिम्मेदारी दी गई। वनविभाग को बैरिकेटिंग करने बांस बल्ली उपलब्ध कराने का जिम्मा दिया गया। नगर पालिका को मैदान में विधुतीकरण तथा साफसफाई की जिम्मेदारी दी गई। विधुत विभाग को मैदान में बिजली कनेक्शन देने का जिम्मा दिया गया। पुलिस को मैदान में यातायात के प्रबंध तथा सुरक्षा का जिम्मा दिया गया। नरहरदेव मैदान में इस वर्ष रावण के साथ मेघनाथ तथा कुंभकरण के भी पुतलों का दहन किया जाएगा। इस बार रावण का पुतला 50 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। इसके अलावा मेघनाथ तथा कुंभकरण के पुतले 30-30 फीट के बनाए जा रहे हैं। दशहरा में उमड़ने वाली भारी भीड़ के चलते पार्किंग के प्रबंध नरहरदेव मैदान के पास फायर ब्रिगेड परिसर तथा पुराने कन्या कालेज मैदान में होंगे। मैदान में आने दोनो गेटों से एंट्री दी जाएगी ताकी आसानी से लोग मैदान में पहुंच सकें।

दुर्ग पुलिस का एक्शन 'आपरेशन महादेव'

# करोड़ों के ऑन लाइन सट्टा का पर्दाफाश भिलाई के 5 युवक सहित 9 आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले में महादेव एप्प, रेड्डी अन्ना और अंबानी ऑन-लाईन सट्टा एप्प के खिलाफ पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दुर्ग पुलिस ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए 9 में से पांच आरोपी भिलाई के रहने वाले हैं। वहीं तीन आरोपी एमपी और एक आरोपी कोरबा का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 नग सेपटीप, 19 नग मोबाइल, 2 नग, 6 नग पटीय चार्जर, 18 नम एटीएम कार्ड, 8-नग चेकबुक, 9 नग पासबुक, 11 नग सिम कार्ड, 9 जग रजिस्टर (लेखा) 2 नग एक्सटेंशन यक्स बरामद किया गया है। ये सभी ऑन लाइन सट्टे के कारोबार में उपयोग में लाया जा रहा था। पकड़े गए आरोपी महादेव एप के दो पैनल का संचालन कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का मास्टर माइंड फ्लिहाल फरार है पर वो भी जल्द ही पकड़ा जाएगा।



### 40 से ज्यादा खातों से किया जा रहा था पैसे का लेनदेन

पुलिस ने बताया कि आरोपी विभिन्न बैंकों के 40 से अधिक खातों के माध्यम से सट्टे के पैसे का लेने-देन कर रहे थे। बैंक एकाउण्ट में जमा लगभग 5 लाख रुपए की राशि को फ्रीज कराया गया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑन-लाईन सट्टा चल रहा है। दुबई (यू.ए.ई.) और भारत के महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश एवं अन्य राज्यों में गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं। पुलिस ऑन लाइन सट्टे का व्यापार और बैंक खातों एवं मोबाईल नंबरों का सूक्ष्म विश्लेषण कर रही है। ताकि मुख्य आरोपी को पकड़ा जा सके।

### ये आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- अनमोल वर्मा पिता स्व. राजेश वर्मा उम्र 18 वर्ष सा. 141 एचएससीएल कालोनी भिलाई
- कृतिक सिंह पिता सुखदेव सिंह उम्र 22 वर्ष सा. सुभाष मार्केट जोन-2 खुर्सीपार 3. आलोक टण्डन पिता शत्रुहन टण्डन उम्र 27 वर्ष सा.बी-64 स्टील कालोनी भिलाई
- संदीप राय पिता श्रीकांत राय उम्र 32 वर्ष सा. गायत्री डिपार्टमेंटल के पास माडल टाउन भिलाई
- किशन कुमार भारद्वाज पिता खेमलाल भारद्वाज उम्र 20 वर्ष सा. रजगामार थाना बालको कोरबा
- विक्रम संधू पिता दर्शन सिंह उम्र 33 वर्ष सा. कृष्णा ग्राण्ड सिटी के सामने कोहका भिलाई
- शुभम मीरचंदानी पिता सुरेश कुमार मीरचंदानी उम्र 21 वर्ष सा. बाम्बे होटल के पीछे कटनी म.प्र.
- निखिल मोटवानी पिता शंकर लाल मोटवानी उम्र 18 वर्ष सा. नई बस्ती शेर चौक कटनी म.प्र.
- राकेश सिंह पिता सुरेश सिंह उम्र 18 वर्ष सा ग्राम हरदीकला थाना बैकुंठपुर रीवा म.प्र.


### संदेहियों पर लगातार रख रही थी पुलिस नजर...

महादेव आईडी ऐप्प के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का कारोबार करने वाले संदेहियों पर लगातार निगाह रखी जा रही थी। विशेष सूत्र भी लगाए गये थे। इसी दौरान दिनांक 27 सितंबर को एण्टी क्राईम सायबर यूनिट एवं थाना सुपेला की संयुक्त टीम के द्वारा ऑनलाईन सट्टा के 6 गुर्गों के विरूद्ध कार्यवाही की गई थी। इस कार्यवाही के दौरान ऑन लाईन सट्टा महादेव एप्प से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में साक्ष्य एकत्रित किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की अलग-अलग टीम गठित कर देश के अन्य राज्यों में भेजी गई थी, उसी दौरान एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को छिंदवाड़ा (म.प्र.) के इमलीखेड़ा क्षेत्र के एक मकान में, दुर्ग के व्यक्ति द्वारा ऑन-लाईन सट्टा महादेव एप्प के संचालन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) नसर सिद्धीकी के मार्गदर्शन में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर एवं थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में दिनांक 2 अक्टूबर को विशेष टीम विवाह रवाना किया गया था।

## शारदीय नवरात्र : मां महागौरी

माँ दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णत: गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। इनकि चार भुजाएँ हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है इनको।

इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बाएँ हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शान्त है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी कारण से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कान्तिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए यह महागौरी कहलाईं।



यह अमोघ फलदायिनी हैं और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं। महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं।

एक और मान्यता के अनुसार एक भूखा सिंह भोजन की तलाश में वहाँ पहुँचा जहाँ देवी ऊमा तपस्या कर रही होती है। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गई, लेकिन वह देवी के तपस्या से उठने का प्रतीक्षा करते हुए वहीं बैठ गया। इस प्रतीक्षा में वह काफी कमज़ोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आ गई। उन्होने द्याभाव और प्रसन्ता से उसे भी अपना वाहन बना लिया क्योंकि वह उनकी तपस्या पूरी होने के प्रतीक्षा में स्वंय भी तप कर बैठा। कहते है जो स्त्री माँ की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वंय करती हैं।

# बेकार हो चुके गाड़ी के पहिए अब बच्चों में शारीरिक विकास को दे रहे रफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कोई भी चीज अनुपयोगी नहीं होती, बस उन्हें देखने का नजरिया होना चाहिए, जिससे उन्हें बेहतर इस्तेमाल कर सके और इस मामले में हम भारतीयों का कोई तोड़ नहीं, जिसे आम भाषा में जुगाड़ भी कहते है। यही नजारा ग्राम पंचायत लाखा के स्कूल में देखने को मिलेगा, जहां अनुपयोगी हो चुके गाड़ी के पहिए आज बच्चों के बीच मनोरंजक खेल सामग्री बन गए हैं और उनके बेहतर शारीरिक विकास को रफ्तार दे रहे हैं। रायगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लाखा के स्कूल मैदान में अलग-अलग रंगों से पेंटेड टायर्स को जमीन में लगाया गया है। जो देखने में बड़े



आकर्षक लगते हैं और बच्चों में फिजिकल एक्टिविटी के लिए उत्सुकता भी जगाते हैं। खेल कुद के समय बच्चों की यहां भीड़ रहती है। खेल के इस नए तरीके को लेकर उनमें बड़ा उत्साह है। चहल-कदमी पूरे दिन होती होती है। असल में खूबसूरत अर्ध चंद्राकर जमीन में गड़े हुए दिखने वाले मालवाहक गाडियों के खराब टायर है। जो बिल्कुल अनुपयोगी हो चुके थे, लेकिन इन वेस्ट टायर को बेहतरीन और मनोरंजक शारीरिक गतिविधि सामग्री (बेस्ट इंटरटेनिंग फिजिकल एक्टिविटी इक्यूपमेंट) के रुप में इजाद कर दिया गया है।

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने बच्चों के लिए बेहतर मानसिक और शारीरिक विकास के लिए माहौल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में इन खराब मटेरियल के बेहतर इस्तेमाल के साथ बच्चों के लिए एक्टिविटी मैटेरियल के रूप में उपयोग करने की रूपरेखा बनी।

इसके लिए यूनिसेफ के साथ जनपद स्तर के अधिकारियों ने भी अपना योगदान दिया और इन खराब हो चुके सामग्रियों का संकलन के साथ इन्हे उपयोगी बनाने में सहयोग दिया। खराब होने के बाद यहां वहां पड़े रहने वाले टायर आज मैदान की खूबसूरती बढ़ा रही है, वहीं ये आंगनबाड़ी के साथ स्कूल के बच्चों के लिए भी खेल सामाग्री की तरह उपयोग में आ रहे है, जिससे स्कूली बच्चों को शारीरिक क्षमता भी विकसित कर रही है।






## छत्तीसगढ़ में अब तक 1248.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1248.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से दो अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2393.1 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 585.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 969.6 मिमी, बलरामपुर में 1002.5 मिमी, जशपुर में 1021.1 मिमी, कोरिया में 870.1 मिमी, रायपुर में 913.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1157.2 मिमी, गरियाबंद में 1257.5 मिमी, महासमुंद में 1155.4 मिमी, धमतरी में 1303.1 मिमी, बिलासपुर में 1440.9 मिमी, मुंगेली में 1308.3 मिमी, रायगढ़ में 1184.1 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1359.3 मिमी, कोरबा में 1210.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1065.8 मिमी, दुर्ग में 960.1 मिमी, कबीरधाम में 1117.5 मिमी, राजनांदगांव में 1217.7 मिमी, बालोद में 1285.3 मिमी, बेमेतरा में 715.7 मिमी, बस्तर में 1815.2 मिमी, कोण्डागांव में 1274.9 मिमी, कांकेर में 1530.5 मिमी, नारायणपुर में 1459.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1803.3 मिमी और सुकमा में 1593.5 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

## राज्य के मेडिकल कालेजों में खुलेंगे इमरजेंसी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग

**रायपुर।** राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों में जल्द ही इमरजेंसी मेडिसिन और ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग खुलेंगे। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। पंडित जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कालेज की डीन डा. तृप्ति नागरिया ने बताया कि इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के लिए प्रस्ताव तैयार कर चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है। इसके लिए मानव संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी चल रही है। नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) की अनुमति मिलते ही अलग विभाग शुरू कर दिया जाएगा। ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के लिए स्वास्थ्य सचिव की सहमति के बाद मेडिकल कालेज से जल्द प्रस्ताव देने को कहा गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसार इमरजेंसी मेडिसिन और ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग को लेकर रायपुर मेडिकल कालेजों में तैयारी शुरू हो चुकी है। राज्य के अन्य शासकीय मेडिकल कालेजों में भी दोनों विभागों के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही गई है। चिकित्सकों के अनुसार इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खुलने से अस्पताल में इमरजेंसी के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण में ईस्ट जोन में छत्तीसगढ़ टॉप पर

### छत्तीसगढ़ को विभिन्न श्रेणियों में चार राष्ट्रीय पुरस्कार मिले

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वच्छ भारत दिवस पर किया पुरस्कृत



**रायपुर।** स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य पर छत्तीसगढ़ का डंका देशभर में बजा है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण में भी चार पुरस्कार छत्तीसगढ़ को दिये गए है। टॉप परफार्मिंग राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ ने ईस्ट जोन में बाजी मारी है। इसके साथ 3 अन्य कैटेगरी में भी छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। गांधी जयंती पर आयोजित स्वच्छ भारत दिवस 2022 कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ को पुरस्कृत किया है। पेयजल और स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने ईस्ट जोन में बाजी मारी है। वहीं, ईस्ट जोन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में दुर्ग और बालोद ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही ओडीएफ प्लस पर दीवार लेखन प्रतियोगिता में सेंट्रल ज़ोन में छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में इस मौके पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय ग्रामीण विकास व पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह, जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, जल शक्ति व आदिवासी कार्य राज्यमंत्री बिशेस्वर टुडू उपस्थित रहे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से सचिव, प्रसन्ना आर, स्वच्छ भारत मिशन के संचालक संजय अग्रवाल, सत्य नारायण राठौर, जल जीवन मिशन के अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि व अन्य अवार्डी शामिल रहे।

## राज्यपाल ने किया बापू कुटी का भ्रमण, चरखा भी चलाया

**रायपुर।** राज्यपाल अपने वर्धा प्रवास के दौरान रविवार को सेवाग्राम स्थित बापू कुटी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संपूर्ण सेवाग्राम परिसर को देखा और महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से जुड़े विभिन्न स्थानों का अवलोकन किया। बापू कुटी के भ्रमण के दौरान कुटी के विभिन्न कक्षों में पहुंची और शान्ति स्थल में रखा चरखा भी चलाया। राज्यपाल उइके ने वहां उपस्थित लोगों को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी और सेवाग्राम तथा गांधी के विषय में अपने विचार साझा किये।

# सीएम भूपेश बघेल ने शुरू की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना

### 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया वर्चुअल भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गांधी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। सीएम बघेल की इस पहल से ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आय के साधन उपलब्ध होंगे। इसके लिए यहां विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।






मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर कहा कि महात्मा गांधी के स्वावलंबी और आत्मनिर्भर गांवों के सपने को साकार करने में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस योजना के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मजबूती से कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का मूलमंत्र है श्रम का सम्मान, इसके लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। राज्य सरकार व्यक्ति को केन्द्र में रखकर योजनाएं बना कर संचालित कर रही है। जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए गौठानों में एक से तीन एकड़ भूमि में पार्क के लिए आरक्षित की गई है। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में दो गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार के बजट में इस योजना के लिए 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। स्वीकृत सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्कों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है।

इस राशि से इन पार्कों में वर्किंग शेड और एप्रोच रोड के निर्माण के साथ बिजली-पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ युवाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। सुराजी गांव योजना के तहत विकसित किए गए गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि और उद्यानिकी फसलों तथा लघु वनोपजों के प्रसंस्करण की इकाईयां स्थापित की जा रही है। साथ ही आटा-चक्की, दाल मिल, तेल मिल की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के 'लोगो' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में गौठानों में तैयार किए गए उत्पादों का किट भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री निवास में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित कार्यक्रम में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिल भेंड़िया, संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय और विनोद सेवन लाल चंद्राकर, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राजेश्री रामसुंदर दास, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, राजीव गांधी फाउंडेशन के सीईओ विजय महाजन और पर्यावरणविद् अशोक खोसला, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी उपस्थित थे।

# महामाया मंदिर में गुप्त रूप से निभाई जाएगी महाजोत विसर्जन की प्राचीन परंपरा

**रायपुर (ए)।** नवरात्र की अष्टमी तिथि पर सोमवार सुबह से शाम तक हवन का क्रम चलेगा। अष्टमी तिथि समाप्त होने से पहले देवी मंदिरों में हवन प्रारंभ होगा और नवमीं तिथि प्रारंभ होने के बाद पूर्णाहुति दी जाएगी। महामाया मंदिर के पुजारी पं.मनोज शुक्ला ने बताया कि सोमवार को अष्टमी तिथि पर श्रद्धालु अठवाही यानी रोठ, पूड़ी, खीर, मिठाई अर्पित करेंगे। प्रधान जोत कक्ष में हवन पूजन होगा। हवन कुंड में कुशकुण्डिका, अग्नि आवाहन पूजन किया जाएगा। कन्या के हाथों हवन की अग्नि प्रज्वलित की जाएगी। अग्नि देवता, दिगपाल देवता समेत अन्य देवी-देवताओं का आह्वान और श्रीदुर्गा सप्तशती के 700 मंत्रों का उच्चारण करके आहुति दी जाएगी। 13 अध्याय के मंत्रों से हवन पश्चात मां समलेश्वरी देवी मंदिर के हवन कुंड में अग्नि स्थापना पूजन करके 108 बाहर आहुति दी जाएगी। इसके पश्चात पुनः महामाया मंदिर के हवन कुंड में दिगपाल बलि, नवग्रह बलि, क्षेत्रपाल बलि पूजा करके अष्टमी-नवमी की युति में शाम को पूर्णाहुति दी जाएगी।

महामाया मंदिर की परंपरा के अनुसार, हवन पूर्णाहुति के पश्चात रात्रि में गुप्त रूप से मंदिर परिसर की बावड़ी में महाजोत एवं मनोकामना जोत का विसर्जन करने की परंपरा निभाई जाएगी।

### कालरात्रि की महाआरती में सजे सैकड़ों दीपों की थाल

इससे पहले देवी दुर्गा के सातवें स्वरुप माता कालरात्रि की पूजा-अर्चना और श्रृंगार दर्शन करने रविवार को देवी मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े। शाम को महाआरती करने सैकड़ों महिलाएं दीपों का थाल सजाकर पहुंची। कोरोना काल के दो साल बाद देवी मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने पूजन-दर्शन, आरती का लाभ लिया।

सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में शाम 7.30 बजे से प्रारंभ होने वाली महाआरती के लिए महिलाएं छह बजे से पहुंचने लगीं थीं। महिलाएं घर से दीपों का थाल सजाकर पहुंची और सबसे आगे खड़े रहने के लिए थाल को टेबल पर सजाकर जगह घेर लीं ताकि भीड़ से बच सकें। आरती प्रारंभ होने से पहले ही एक साथ सैकड़ों दीपों की थाल जगमगा उठी। मंदिर के ट्रस्टी गोवर्धन शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से भी महाआरती के लिए दीपों की व्यवस्था की गई थी, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु जहां भी खड़ा हो अपने हाथ में दीप थामकर आरती का लाभ ले सकें।

# 36वां राष्ट्रीय खेल 2022: छत्तीसगढ़ की तलवारबाजी टीम ने जीता रजत पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लिए राष्ट्रीय खेल में कल का दिन भी मेडल वाला रहा। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने फॉयल टीम चैम्पियनशिप फेंसिंग (तलवारबाजी) में रजत पदक जीता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल मंत्री उमेश पटेल ने इस उपलब्धि के लिए टीम के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय खेल में फेंसिंग खिलाड़ियो का शानदार प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। फॉयल इवेंट कि टीम चैम्पियनशिप में राज्य फेंसिंग के फॉयल इवेंट में छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी दुर्गेश मिलिंद, के. डेनी सिंह, एस. निंग थोमाबा, तुषार अहेर ने क्वाटर फाइनल मुकाबले में बिहार को 45-34 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हरियाणा को नजदीकी मुकाबले में 45-40 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। फायनल मुकाबले में राज्य के खिलाड़ियों ने संघर्षणूर्ण प्रदर्शन किया। दूसरे और तीसरे दौर में शानदार वापसी की लेकिन स्वर्ण पदक नहीं जीत सके। एसएससीबी सर्विसेस की टीम से 34-45 से परास्त होकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

टीम के कोच वी. जॉनसन सोलोमन एवं प्रवीण कुमार गनवारे, टीम मैनेजर अखिलेश दुबे ने बताया कि प्रदेश फेंसिंग के अध्यक्ष डॉ. एस. भारतीदासन एवं महासचिव बशीर अहमद खान, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव, सीडीएम अतुल शुक्ला एवं डिप्टी सीडीएम रूपेंद्र सिंह चौहान ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

राष्ट्रीय खेल में तीन अक्टूबर को कल एपी इवेंट में टीम चैम्पियनशिप का खिताबी मुकाबला पुरुष वर्ग का फाइनल में मुकाबला होगा। इसमें भी छत्तीसगढ़ टीम को पदक की उम्मीद है। 36वें राष्ट्रीय खेल में आज आर्चरी, एथलेटिक्स, एकवेटिक्स एवं फेंसिंग के टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स की 200 मीटर हिट्स में राज्य के खिलाड़ी अनिमेष कुजूर ने शानदार दौड़ लगाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर फायनल के लिए क्वालीफाई किया। एकवेटिक्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी रूद्राक्ष साहू 200 मीटर फ्री स्टाइल में 16वें और 100 मीटर में 20वें स्थान पर रहा तथा फायनल में स्थान प्राप्त नहीं कर सके। प्रदेश की भूमि गुप्ता ने महिलाओं के बटरफ्लाई में 1.09.85 का समय निकालकर संतोषजनक प्रदर्शन किया, लेकिन फायनल में स्थान बनाने से चूक गईं।

# महात्मा गांधी की जितनी आवश्यकता आजादी के पहले थी उतनी आज भी है: राजेन्द्र तिवारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा है कि महात्मा गांधी की जितनी आवश्यकता आजादी के पहले थी उतनी ही आवश्यकता आज भी है। तिवारी ने कहा कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के सामने लगी गांधी जी की प्रतिमा को देखकर आज हर भारतवासी को गर्व होता है और दुनिया भारत को गांधी और गौतम के देश के रूप में जानती है। उक्त बातें वर्चुअल रूप से जुड़े तिवारी ने गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।




मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि उनका बचपन खादी के के कपड़ों को बेचते हुए बीता है और उन्होंने आजीवन खादी पहनने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आज 21वीं सदी में महिलाएं भी खादी के वस्त्र पहन रही हैं जिससे ये प्रतीत होता है कि भारत के लोग स्वस्फूर्त महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं।

छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला ने कहा कि आज महात्मा गांधी के विचारधारा और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, विद्यार्थियो को महात्मा गांधी के साथ खुद को जोड़ना चाहिए और इसके लिए युवाओं को गांधी जी के विरासत को आगे ले जाना चाहिए। जिस तरह से महात्मा गांधी ने पूरे भारत को आपस में जोड़ा उसी तरह से आज के युवाओं को भी खुद को भारत से जोड़ कर रखना चाहिए।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गांधीवादी ब्रजकिशोर प्रसाद ने कहा कि गांधी जी की सर्वाधिक प्रासंगिकता छात्रों के जीवन में दिखाई देती है। जिस तरह से हर महात्मा गांधी ने अपने व्यक्तित्व को समय के साथ बदला वैसे ही प्रत्येक छात्र को अपने भी व्यक्तित्व को देशहित में ढालना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुत्री सुश्री कल्पना चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी सामाजिक ढांचे को तोड़ना चाहते थे और ऐसा करके वो महिलाओं को अपने साथ जोड़ना चाहते थे जिसमें वो पूरी तरह से सफल हुए। उन्होंने कहा कि नमक आंदोलन में महिलाओं और बच्चों को साथ जोड़ना उनकी क्रांतिकारी सोच थी। गांधी जयंती के अवसर पर खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड गांधी भवन, केयूर भूषण स्मृति परिसर, कंकालीपारा में आयोजित दो दिवसीय निबंध, क्विज और तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का समापन हुआ। विगत दो वर्षों से गांधी जी की विचारधारा एवं सिद्धांतों को आगे बढ़ाने और घर-घर खादी पहुंचाने के लिए खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । इस बार की प्रतियोगिता राष्ट्रपिता महात्मा महात्मा गांधी के सम्पूर्ण जीवन दर्शन पर आधारित रही। विजेताओं को मुख्य अतिथि गिरीश पंकज, ब्रजकिशोर प्रसाद एवं सुश्री कल्पना चौधरी के हाथों पुरस्कृत किया गया।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# ना करें प्लास्टिक बोतल में पानी पीने की गलती, सेहत को होते हैं ये नुकसान



आजकल के समय में देखने को मिलता हैं कि लोग प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने के आदी हो गए हैं। अमीर हो या गरीब सभी पानी पीने के दौरान प्लास्टिक बोतल का इस्तेमाल करने लगे हैं। अमीर लोग पैक पानी तो गरीब खाली हो चुकी बोतल में पानी भरकर। लेकिन क्या आपको पता है कि प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना सेहत के लिए बेहद हानिकारक माना गया है। हमारे जीवन की हिस्सा बन चुकी प्लास्टिक की बोतलें केमिकल्स और बैक्टीरिया से भरी हुई होती हैं। प्लास्टिक चाहे किसी भी तरह की हो, प्रकृति और सेहत दोनों के लिए नुकसानदायक ही है। आज हम आपको यहां प्लास्टिक की बोतल से पानी पीने के कुछ हानिकारक प्रभावों की जानकारी देने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### अनहेल्दी कॉन्टेंट

प्लास्टिक में हानिकारक रसायन ही नहीं होते, प्लास्टिक की बोतलों में जमा होने पर पानी में फ्लोराइड, आर्सेनिक और एल्यूमीनियम जैसे हानिकारक पदार्थ भी पैदा होते हैं, जो शरीर के लिए जहर हो सकते हैं। तो, प्लास्टिक की बोतलों से पानी पीने का मतलब होगा धीमा जहर पीना, जो धीरे-धीरे और लगातार आपके स्वास्थ्य को खराब करेगा।

### कैंसर का खतरा

प्लास्टिक का प्रयोग करने की वजह से इसमें पाए जाने वाले रसायन से सीधा शरीर का संपर्क होता है। इससे अनेक बीमारियों से शरीर घिर जाता है। प्लास्टिक में पाए जाने वाले रसायन जैसे सीसा, कैडमियम और पारा शरीर में कैंसर, विकलांगता, इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी जैसे गंभीर रोग उत्पन्न करते हैं और इससे बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है।

### हाई शुगर की समस्या

आजकल, हमें ज्यादातर प्लास्टिक की बोतलों में पानी मिलता है और इसमें मौजूद हेल्थ कंटेंट को बढ़ाने के लिए, निर्माता इसे खरीदारों को आकर्षित करने के लिए विटामिन युक्त बताते हैं। लेकिन यह और भी हानिकारक है, क्योंकि इसमें फूड शुगर और हाई फरुक्टोज कॉर्न सिरप जैसे हानिकारक तत्व होते हैं।

### हाइपोथायरायडिज्म का कारण

बीपीए यानी कि बिस्फेनॉल थायराइड हार्मोन रिसेप्टर की मात्रा कम करता है। जिससे हाइपोथायरायडिज्म जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। प्लास्टिक अन्य तरह से भी हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। एक शोध के अनुसार प्लास्टिक की बोतल में ईडीसी, यानी की एंडोक्राइन डिस्सेंटिंग केमिकल जैसा बहुत ही खतरनाक और नुकसान देय रसायन पाया जाता है। जो कि इंसानी हार्मोनल सिस्टम को धीरे-धीरे परंतु सीधे तरीके से नुकसान पहुंचाता है।

### इम्यून सिस्टम पर असर

प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीने से हमारा इम्यून सिस्टम काफी प्रभावित होता है। प्लास्टिक की बोतलों से निकलने वाले रसायन हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बिगाड़ देते हैं।

### लीवर कैंसर और कम शुक्राणुओं की संख्या

प्लास्टिक में थैलेट नामक रसायन की उपस्थिति के कारण, प्लास्टिक की बोतलों से पानी पीने से लीवर कैंसर और शुक्राणुओं की संख्या में कमी भी हो सकती है।

### ओवरी से संबंधित बीमारियां

प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स की वजह से महिलाओं में भी ओवरी से संबंधित बीमारियां, ब्रेस्ट कैंसर, कोलन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

# क्या आपके घर पर भी होता हैं बच्चों में झगड़ा, इन तरीकों से संभाले यह परिस्थिति

घर में दो या दो से ज्यादा बच्चे हो तो उन्हें कभी भी अकेलापन महसूस नहीं होता है क्योंकि उनके साथ खेलने और बात करने के लिए घर में कोई होता हैं। लेकिन खेल-खेल में बच्चों के बीच लड़ाई-झगड़े भी होते हैं जो कि आम बात हैं। लेकिन ये झगड़े हर बात पर होने लगे तो चिंता की बात हैं। यदि यह नोंक-झोंक रोज की बात हो जाए तो यह पूरे घर में तनाव का माहौल पैदा कर देती है। साथ ही यह उनकी दैनिक गतिविधियों पर भी बुरा असर डालती है। ऐसे में पेरेंट्स को स्थिति को संभालते हुए बच्चों की समझाइश करने की जरूरत होती हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह इस स्थिति को संभाला जाए ताकि बच्चों के बीच आपसी प्रेम बना रहे और उनकी लड़ाई गंभीर रूप न ले।



### समझदारी से काम लेना सिखाएं

बच्चों को समझाएं कि उनके दोस्त या कजन्स जब उसके खिलौनों के साथ खेल रहे होते हैं तो हो सकता है उनके पास वो खास खिलौना न हो, जो उनके मन में उस खिलौने को लेकर उत्सुकता पैदा कर रहा हो। ऐसे में उनके इस व्यवहार पर चिढ़ने की जगह उनके साथ मिलकर खेलने की कोशिश करें। बच्चे को समझाएं की जब आप उनकी जगह होते हैं और ऐसा महसूस करते हैं तो उस समय उसे कैसा व्यवहार करना चाहिए।

### बात रखने का तरीका सिखाएं

घर पर बच्चे अक्सर अपनी बात साबित करने के लिए एक दूसरे से लड़ते हों तो उन्हें अपनी बात रखने का सही तरीका सिखाएं। उन्हें सिखाएं कि लड़ाई करने या चिल्लाने से वह सही साबित नहीं हो जाएंगे। लड़ाई से स्थिति बिगड़ सकती है। इसलिए शालीनता के साथ अन्य बच्चों से बात करें और अपनी बात को समझाएं।

### समस्या सुलझाना सिखाएं

आप बच्चे के झगड़ों को सुलझाने की जगह उसे खुद उसकी समस्या का समाधान ढूंढ़ना सिखाएं। उदाहरण के लिए उससे कहें कि वो बारी-बारी अपने दोस्त के साथ खिलौने से खेलें। हो सकता है कई बार उन्हें मामला सुलझाने में दिक्कत हो तो उन्हें विश्वास दिलाएं कि आप उन्हें बेहतर सुझाव दे सकती हैं। ऐसे में जब बच्चों के बीच झगड़ा बढ़ने लगेगा तो वो सबसे पहले आप के पास आएगा।

### बच्चे के सकारात्मक व्यवहार की तारीफ करें

अगर आपका बच्चा बिना लड़ाई या बहस के अन्य बच्चे से अपनी समस्याएं सुलझाता है तो उसके इस सकारात्मकता व्यवहार की तारीफ करें। बच्चे के इस तरह के व्यवहार को प्रोत्साहन दें ताकि वह भविष्य में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति से निपटने के लिए सकारात्मक तरीका ही अपनाएं।

### बच्चों को दें समय

बच्चों को समान समय देना भी जरूरी है। अगर आप बच्चों के साथ समान समय नहीं दे पा रहे हैं या आप किसी काम में व्यस्त हैं तो आप उन्हें समझाएं। साथ ही अपनी परिस्थिति के बारे में बताएं। इससे अलग ऐसी जीवन दिनचर्या निर्धारित करें, जिससे आप थोड़ा समय अपने बच्चों को भी देता है।

### शांत रहना सिखाएं

अपने बच्चे को गुस्सा आने पर खुद को शांत रखने का तरीका सिखाएं। उदाहरण के लिए, उन्हें समझाएं कि जब कभी उन्हें गुस्सा आए, वो लंबी सांसें लें या फिर वहां से हट जाएं या कहीं और अपना ध्यान लगाएं।

### बच्चों को सिखाएं कैसे समझें दूसरों की बातें

अकसर बच्चों की आदत होती है कि वह दूसरों की बात ना सुनकर केवल अपनी ही बात कहे चले जाते हैं। ऐसे में माता पिता का फर्ज है की वे अपने बच्चों को सिखाएं कि दूसरों की बात को सुनना भी जरूरी है। हो सकता है कि वह गलतफहमी के कारण बेवजह किसी बात पर लड़ रहे हैं ऐसे में दूसरों की बातों को सुनना जरूरी है।

# बिग बास में आते ही अर्चना गौतम ने अपने बेबाक अंदाज से जीता दिल

सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो बिग बॉस सीजन 16 की शुरुआत हो चुकी है। और इस सीजन में टीवी सेलेब्स से लेकर पॉलिटिशियन तक अपने जलवे बिखेरने वाले हैं। हाल ही में बिग बॉस में बतौर कंटेस्टेंट बनकर आईं अर्चना गौतम का नाम काफी चर्चाओं में है। शो में आते ही अर्चना ने सलमान खान को काफी एंटरटेन किया। बिग बास सीजन 16 में आते ही एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने अपने बेबाक अंदाज से फैंस और होस्ट सलमान खान का दिल जीत लिया है। जब एक्ट्रेस बिग बॉस के घर में एंट्री लेटी हैं तो हर कोई हैरान रह जाता है कि वह अपने साथ घर के अंदर सिलबट्टा लेकर जाएंगी क्योंकि उन्हें चटनी बहुत पसंद है। एक्ट्रेस अर्चना गौतम बिकिनी गर्ल रह चुकी है और इसके अलावा वो एमएलए का इलेक्शन भी लड़ चुकी हैं। अर्चना गौतम सोशल मीडिया सेंसेशन हैं।

हालांकि उनकी प्रोफाइल को देखकर ये साफ जाहिर होता है कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने उत्तर प्रदेश इलेक्शन में कांग्रेस पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ा था, लेकिन वो हार गई थीं। अर्चना रियल लाइम में बेहद ही बोल्ड हैं। और हॉटनेस के मामले में एक्ट्रेस बड़ी-बड़ी हसीनाओं को भी टक्कर देती हैं। एक्ट्रेस की इस तस्वीरों में साफ झलक रहा है कि अर्चना अपने फिगर का कितना खास ध्यान रखती हैं। और अपनी तस्वीरों के जरिए फैंस से खूब तारीफ बटौरती हैं। एक्ट्रेस अर्चना गौतम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। अभिनेत्री अर्चना गौतम ने अपनी हॉट एंड बोल्ड फिगर की तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर तहलका मचाया ही है।लेकिन फैंस को इस चीज का भी बेसब्री से इंतजार है कि एक्ट्रेस अब बिग बॉस के घर में क्या तबाही मचाती हैं।



### सामंथा की फिल्म शाकुंतलम 4 नवंबर को होगी रिलीज

निर्देशक गुणशेखर की आने वाली पौराणिक फिल्म शाकुंतलम के निर्माताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा इस साल 4 नवंबर को रिलीज होगा। सामंथा, जो पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय नहीं हैं, ने अपने प्रशंसकों को एक ट्वीट कर आश्चर्यचकित किया, जिसमें लिखा था, 4 नवंबर को आ रही है, शाकुंतलम।


प्यार के लिए धन्यवाद। आप हमेशा मेरी ताकत रहे हैं।यह खबर अभिनेत्री के प्रशंसकों को खुश करने के लिए कापी था, जो इस फिल्म की रिलीज का इतनी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि उन्होंने टीम से अपडेट की मांग करना शुरू कर दिया था।

दबाव इतना अधिक था कि फिल्म की निर्माता नीलिमा गुना को इस साल अगस्त में एक स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा कि फिल्म पर पोस्ट-प्रोडक्शन का काम तेज गति से चल रहा है। फिल्म, जो कालिदास के लोकप्रिय नाटक शकुंतला पर आधारित है, में सामंथा ने मुख्य भूमिका निभाई है और देव मोहन ने दुष्यंत की भूमिका निभाई है।

# नागार्जुन की तेलुगु फिल्म द घोस्ट हिंदी में भी होगी रिलीज

साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी अपनी आगामी फिल्म द घोस्ट में बहुत जल्द नजर आएंगे। उनकी यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रवीन सतारू ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। यह फिल्म तेलुगु भाषा में बनी है। खबरों की मानें तो मेकर्स इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी बड़े पर्दे पर उतारने की तैयारी में हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, मेकर्स नागार्जुन अभिनीत द घोस्ट को तेलुगु और हिंदी में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं और प्रोड्यूसर्स इस आइडिया पर काम भी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो तेलुगु वर्जन की रिलीज के एक सप्ताह बाद इस फिल्म को हिंदी दर्शकों के बीच लाया जा सकता है। इसके साथ ही फिल्म को कन्नड़




और मलयालम में भी रिलीज करने की तैयारी चल रही है।

द घोस्ट में नागार्जुन एक इंटरपोल अधिकारी की भूमिका में दर्शकों से रूबरू होंगे। फिल्म में नागार्जुन की जोड़ी अभिनेत्री सोनल चौहान के साथ बनी है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में गुल पनाग और अनिखा सुरेंद्रन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। मेकर्स जोर-शोर से इस मल्टीस्टारर फिल्म के प्रमोशन में लग गए हैं। उम्मीद है कि हालिया साउथ फिल्मों की तरह इस फिल्म को देखने के लिए भी दर्शक उमड़ पड़ेंगे।

नागार्जुन साउथ के एक दिग्गज अभिनेता होने के साथ-साथ एक शानदार डांसर, प्रोड्यूसर, टीवी प्रेजेंटर और बिजनेसमैन भी हैं। साउथ में उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। हाल में ब्रह्मास्त्र में उनके कैमियो को लोगों ने पसंद किया था। इस अभिनेता ने शिवा, खुदा गवाह, क्रिमिनल और जख्म जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम करके हिंदी पट्टी के दर्शकों का दिल जीता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कर्म ही हमें सुख और दुख देता है - हर्षित मुनि

**राजनांदगांव।** जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि हम किसी व्यक्ति को देखते हैं और हम उससे बात करना चाहते हैं। ऐसा क्या होता है कि हम उसके प्रति इतने आकर्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूर्व जन्म के कर्म हैं। उन्होंने कहा कि हम यह सोचे कि जो दुनिया के अनंत जीवों को नहीं मिला है, वह मुझे मिला है। यह सब पिछले जन्म के कर्मों का प्रभाव है हो सकता है कि हमने पिछले जन्म में नवकार का जाप किया हो या फिर कोई पुण्य कार्य किया है जो इस जन्म में हमें मिला है। इसका साफ अर्थ यह है कि कर्म ही हमें सुख और दुख देता है। गौरव पथ स्थित समता भवन में जैन संत हर्षित मुनि ने आज अपने नियमित प्रवचन में कहा कि कई व्यक्ति संपन्न होते हुए भी कुरूप होते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूर्व जन्म के कर्मों का फल है। हम भूतकाल तो बदल नहीं सकते किंतु पास्ट से सीखकर हम अपना वर्तमान और भविष्य सुधार सकते हैं। आप अपने आप पर दया करें। किसी को भी जो मन में जो आए मत बोलें। अपनी भाषा पर संयम रखें। किसी का मन ना दुखाएं। उन्होंने कहा कि साधना के लिए अलग से समय मिलेगा यह जरूरी नहीं है। आपको साधना के लिए समय निकालना होगा। हमें स्वयं ही सुधरना होगा, बाहर से कोई सुधारने आने वाला नहीं है।

### अबूझमाड़ के 93 गांव के 5 हजार किसानों को मिला मसाहती पट्टा

**नारायणपुर।** अबूझमाड़ के 246 गांव का सर्वे नही होने की वजह से इनकी जमीन का राजस्व रिकॉर्ड में कहीं कोई उल्लेख नहीं था, इस वजह से किसी भी शासकीय योजना का लाभ यहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पाता था लेकिन अब अबूझमाड़ क्षेत्र के 93 गांव के 5000 से अधिक ग्रामीण किसानों को मसाहती पट्टा वितरित किया जा चुका है। मसाहती पट्टा मिल जाने के बाद खेत में सोलर पंप लग गया है। किसान अब सोसायटी में पंजीयन कराके समर्थन मूल्य पर धान बेच पाएंगे। इसके लिए अबूझमाड़ क्षेत्र के कोहकामेटा, बासिंग एवं ओरछा में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया है। शेष सभी किसानों का सर्वे कर मसाहती खसरा से जोड़ा जा रहा।

# आईसीआईसीआई बैंक सामाजिक क्षेत्र में भी कर रहा है सराहनीय कामः मुख्यमंत्री

## प्रशिक्षण के माध्यम से हर साल डेढ़ हजार बच्चे रोजगार के लिए हो रहे हैं, तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास कार्यालय में आईसीआईसीआई अकादमी ऑफस्किल्स द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन और अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी उपस्थित थे।**



दुर्ग में आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज और अकादमी ऑफ स्किल्स द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इस अकादमी द्वारा बच्चों को कौशल विकास के साथ सामाजिक जागरूकता और लाइफ स्किल्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। स्वरोजगार से महिला सशक्तिकरण के कार्य भी हो रहे हैं, कई परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। जुवेनाइल सेन्टर में मोबाइल रिपेयरिंग सहित अन्य स्किल डेवलप करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि आईसीआईसीआई बैंक केवल बैंकिंग ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी काम कर रहा है। हर साल डेढ़ हजार बच्चे रोजगार के लिए तैयार हो रहे हैं, बैंक की सोच के लिए बधाई देता हूँ। बच्चों के सपने इस प्रयास से साकार होंगे, आज जिन बच्चों को प्रमाणपत्र और नियुक्ति पत्र दिया गया है उन सभी बच्चों को बहुत बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। गौरतलब है कि आईसीआईसीआई बैंक की छत्तीसगढ़ में 120 शाखाएं संचालित हैं। आईसीआईसीआई अकादमी ऑफ स्किल्स के अग्रणी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। आईसीआईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स के दुर्ग केंद्र ने 9,600 से अधिक युवाओं को मुफ्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया है। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अकादमी की पहल से प्रतिष्ठित संगठनों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं। आज आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त 166 युवाओं को प्रमाण पत्र और नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। आईसीआईसीआई अकादमी दुर्ग में एसपीएलसीएस (स्टेट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी) और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दुर्ग में अकादमी केंद्र युवाओं को पांच कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करता है, वे हैं इलेक्ट्रिकल और घरेलू उपकरण मरम्मत, बिक्री कौशल, प्रशीतन (रेफ्रीजरेटर) और एयर कंडीशनिंग मरम्मत, सेंट्रल एयर कंडीशनिंग और कार्यालय प्रशासन। इस केन्द्र की स्थापना 2015 में की गई।

अपनी स्थापना के बाद से, केंद्र ने 9,604 से अधिक प्रशिक्षुओं को मुफ्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया है और युवाओं को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट भी प्रदान किया है। इस वर्ष अकादमी के 166 छात्रों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया और सफलतापूर्वक स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण की अवधि तीन महीने है इन पाठ्यक्रमों के लिए पात्र होने के लिए, तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए कम से कम कक्षा 8वीं और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए कक्षा 10वीं पास करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### महिलाएं हो रही स्वावलंबीः गांवों में बढ़े रोजगार के अवसर

# रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की आजीविकामूलक गतिविधियों से ग्रामीण महिलाओं का परिवार में बढ़ रहा सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में संचालित आजीविकामूलक गतिविधियों से हम महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो रही हैं, रोजगार और आमदनी का साधन मिलने से परिवार में हमारा सम्मान बढ़ा है। यह उद्गार आज गौठानों में काम कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से वर्चुअल चर्चा के दौरान व्यक्त किए।**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना का प्रदेशव्यापी शुभारंभ करते हुए प्रदेश के 300 गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने जांजगीर-चांपा जिले के जर्वे, बेमेतरा जिले के अमलडीह, कांकेर जिले के सराघू नवगांव, बलौदाबाजार के लटुवा और रायगढ़ के डोंगीतराई गांव के गौठान में उपस्थित महिलाओं और युवाओं से चर्चा कर वहां संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने रीपा के रूप में विकसित किए जा रहे जांजगीर चांपा जिले के जर्वे गौठान की श्रीमती सरस्वती से बातचीत की। सरस्वती ने बताया कि उनके गौठान में 40 महिलाएं कार्य कर रही हैं, महिला समूह पहले वर्मी खाद बना रही थीं, अब रीपा के माध्यम से अन्य गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। जिला पंचायत सीईओ ने मुख्यमंत्री को बताया कि एक करोड़ की राशि प्रति रीपा दी जा रही है। यहां आजीविकामूलक 4 गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, मशरूम पालन, अचार-पापड़, बड़ी बनाने का कार्य किया जा रहा है। राजीव मितान क्लब के श्री गजेंद्र सिदार जी ने कहा कि वे ऑफसेट प्रिंटिंग यूनिट यहां लगायेंगे। जांजगीर चांपा से चरवाहा श्री मयाराम ने बताया कि 1 लाख 4 हजार का गोबर बेचा है, पैसे से घर बनाया है, वे भूमिहीन हैं, भूमिहीन न्याय योजना की राशि मिल रही है।

बेमेतरा के अमलडीहा की सविता ने बताया कि रीपा के तहत हमें रोजगार मिल रहा है, ईंट और फेनसिंग पोल बनाने का कार्य कर रही हैं। इस जिले के चार विकासखण्डों में 8 रीपा बनाए जा रहे हैं। संसदीय सचिव श्री गुरूदयाल सिंह बंजारे भी यहां उपस्थित थे। कांकेर में 14 रीपा इकाई का आज उद्घाटन हो रहा है, इस जिले के सराधुनवागांव में गोबर से पेंट बनाने की इकाई का लोकार्पण किया गया। कांकेर जिले के सराधुनवागांव गौठान की नैना धनकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि गोठान में 2 साल से महिलाएं काम कर रही हैं, गोबर से पेंट बनाने का कार्य अब रीपा में करेंगी, मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जमीन लीपने के काम गोबर आता था, अब दीवार पेंट करने के काम गोबर आएगा, नैना ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनके गांव में इतने काम हो रहे हैं, पहले घर तक सीमित थी महिलाएं, अब घर में भी सम्मान मिल रहा है, आत्मविश्वास बढ़ा है। नेमि निषाद ने मुख्यमंत्री को रीपा योजना के लिए धन्यवाद दिया, उनकी आर्थिक स्थिति इस योजना से सुधरेगी। इस गौठान में विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मनोज मण्डावी भी उपस्थित थे।

# मुंगेली जिले के 6 गौठानों आजीविका पार्क के रूप में विकसित होंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुंगेली जिले के 06 गौठानों को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के रूप में विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय से राज्य के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो गौठानों में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का (आजीविका पार्क) करने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया।**

इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, आदर्श कृषि उपज मंडी समिति मुंगेली के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल के सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू, संबंधित विभाग के अधिकारी और स्व सहायता समूह के सदस्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय शिलान्यास कार्यक्रम में जुड़े।

गौरतलब है कि मुंगेली विकासखंड अंतर्गत ग्राम लिम्हा और संबलपुर के गौठान, लोरमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चंदली व सांवतपुर के गौठान और पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिलतरा व धरदेई के गौठान को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने हेतु चिन्हांकित किया गया है। इन गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना होने से ग्रामीण परिवारों को आजीविका के नए अवसर मिलेंगे। स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिलने से उन्हें आय का अतिरिक्त साधन मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन इंडस्ट्रियल पार्क में निजी उद्यमियों को उद्यम लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में स्थानीय आवश्यकता और बाजार की संभावनाओं के आधार पर विभिन्न प्रकार के उद्यम स्थापित किए जाएंगे। ग्रामीण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के तहत ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# सेक्टर-7 में पूर्व सीएम रमन सिंह करेंगे 75 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन, साथ में होगी रंगारंग आतिशबाजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दो साल के गैप के बाद एक बार फिर से लोग त्योहारों का मजा लेने के लिए तैयार हैं। इस बार नवरात्रि के साथ ही अब दशहरा को लेकर भी उत्साह बना हुआ है। सेक्टर-7 में युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा बड़े पैमाने पर दशहरा उत्सव की तैयारियां की गई हैं। यहां पर पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर 75 फीट ऊंचे रावन के पुतले के साथ ही 50-50 फीट ऊंचे मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन करेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय करेंगे।

कार्यक्रम के संबंध में सोमवार को प्रेसवार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने बताया कि युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरा पर्व का आयोजन दशहरा रावण दहन, आतिशबाजी का कार्यक्रम 05 अक्टुबर 2022 दिन बुधवार को किया जा रहा है। समिति विगत 26 वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है। इस वर्ष समिति द्वारा दशहरा उत्सव कार्यक्रम का यह 27 वां वर्ष है। सेक्टर-7 का दशहरा आयोजन शहर का सबसे पुराना आयोजन है।



हर बार कि तरह इस बार भी यहां पर 75 फीट के रावण का पुतला और 50-50 फीट के कुंभकरण और मेघनाद का पुतला लगाया जा रहा है।

कोरोना के कारण दो साल सरकारी गाइडलाइन के कारण यहां पर आयोजन नहीं किया गया था लेकिन इस बार सब सामान्य है और आयोजन बेहतर तरीके से किया जाएगा।

### भव्य आतिशबाजी का दिखेगा नजारा

इस बार भव्य आतिशबाजी का नजारा दिखाई देगा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा और तमिलनाडु के शिवकाशी से पहुंची टीमों द्वारा आतिशबाजी तैयार की जा रही है। यहां पर एक से बढ़कर एक आतिशबाजी का नजारा दिखाई देगा। साथ ही आईपीएल की तर्ज पर इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी भी दिखाई देगी। चन्ना केशवलू ने बताया कि इस बार मनोरंजन के लिए इस वर्ष बॉलीवुड (मुंबई) के सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार जॉनी लीवर के भाई जिम्मी मोसेस एवं मशहूर बैंड सिंगर सहित कामेडी नाइट कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जो अपने नये अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। चन्ना केशवलू ने बताया कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है दर्शकों के बैठने के लिये 8000 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। जिसे चार विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। गाड़ियों की पार्किंग हेतु चार विभिन्न स्थान निर्धारित किये गये जिसमें गेस्ट पास पार्किंग सेक्टर-7 इस्पात क्लब के भीतर, गेस्ट, वीवीआईपी पार्किंग व्यवस्था सेक्टर-7 इस्पात क्लब के भीतर, वीआईपी एवं पास तथा अन्य जनसमुह के लिये पार्किंग की व्यवस्था हाईस्कूल सेक्टर-7 के मैदान एवं सेक्टर-8 स्टील क्लब के सामने मैदान में की गई है। दर्शकों की सुरक्षा के लिए बैरिकेटिंग भी किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से आयोजन स्थल जिसमें मुख्य ग्राउंड सेक्टर-7 हाईस्कूल मैदान एवं आसपास के अन्य स्थानों को टावर बनाकर प्रकाश के लिए लाइट की व्यवस्था की गई है।

# गांव और ग्रामीणों के स्वावलंबन के लिए काम कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सेराष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर रायपुर के व्यवसायी मनोज कोठारी ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री को श्री कोठारी ने इस मौके पर बड़े आत्मीय भाव से 65 साल पुराना गांधी चरखा भेंटकर उन्हें गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बापू की तस्वीर भी भेंट की।**



इस मौके पर श्री कोठारी की पुत्री सुश्री श्रेया भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री को चरखा सौंपते हुए व्यवसायी श्री कोठारी ने बताया कि यह चरखा राजस्थान के उदयपुर के पास ग्राम फलौदी में 65 साल पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादा जीवन-उच्च विचार की भावना से प्रेरित एक कारीगर ने बनाया था। मुख्यमंत्री श्री बघेल छत्तीसगढ़ में गांव और ग्रामीणों के स्वावलंबन के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए यह चरखा उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेंट किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज के उद्देश्यों पर ही आगे बढ़ते हुए काम कर रही है। बापू के सपनों को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ में निरंतर प्रयास हो रहे हैं।

राज्य सरकार की नीतियों में गांवों को सुदृढ़ करना शामिल है। वहीं छत्तीसगढ़ में गांवों के साथ ही गरीब, मजदूर, किसान, महिला, बच्चे और बुजुर्ग हर वर्ग को मजबूती एवं राहत देने के लिए काम किया जा रहा है।

### ओरछा ब्लाक मुख्यालय का 5 किलोमीटर एरिया बना फ्री वाई-फाई जोन

**नारायणपुर।** जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर विकासखंड ओरछा में जिला प्रशासन पहल पर ओरछा ब्लाक मुख्यालय के 05 किलोमीटर एरिया को फ्री वाई-फाई जोन बनाया गया है। फ्री वाई-फाई जोन बनने से बच्चों को ऑनलाइन पढ़ने में अब दिक्कत नही होती, वहीं 24 घण्टे नेट कनेक्टीविटी की उपलब्धता रहने से अब युवा ग्रामीण खुश हैं। नक्सल प्रभावित ओरछा विकासखण्ड के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नारायणपुर कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी अपने प्रवास के दौरान युवाओं, फ्री वाई-फाई जोन बनाने के निर्देश दिए थे।

























## खास खबर

### ट्रेलर से चक्के और डीजल चोरी कर भाग गया ड्राइवर

**बिलासपुर ( ए )।** गेवरा से कोयला लेकर लोखंडी आ रहे ट्रेलर के चालक ने गाड़ी बिरकोना बाइपास में खड़ी कर दी। इसके बाद ट्रेलर के चक्के और डीजल निकालकर फरार हो गया। ट्रेलर के कोलवासरी नहीं पहुंचने पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर ने वाहन की तलाश की। वाहन बिरकोना बाइपास में लावारिस मिल गया। ड्राइवर के नहीं मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रहने वाले अशोक काहिलकर चड्ढा ट्रांसपोर्ट में मैनेजर हैं। उनकी कंपनी लोखंडी स्थित कोल वाशरी के लिए कोरबा जिले के गेवरा खदान से कोयले का ट्रांसपोर्ट करती है। 29 सितंबर की शाम उनकी कंपनी का ड्राइवर सहरूल अंसारी निवासी पलामु झारखंड कोयला लेकर गेवरा से लोखंडी के लिए रवाना हुआ। दूसरे दिन तक ट्रेलर कोल वाशरी में नहीं पहुंचा। इस पर कंपनी के कर्मचारी ड्राइवर के मोबाइल पर काल कर रहे थे। फोन कनेक्ट नहीं होने पर कर्मचारियों को ट्रेलर की तलाश में रवाना किया गया। कर्मचारी हाइवे में ट्रेलर की तलाश कर रहे थे। बाद में उन्हें पता चला कि ट्रेलर बिरकोना बाइपास में लावारिस खड़ा है। उसमें ड्राइवर नहीं है। इस पर मैनेजर मौके पर पहुंचे। ट्रेलर में कोयला भरा था। वहीं, वाहन के स्टेपनी और दो चक्के गायब थे। डीजल का टैंक भी खाली था। मैनेजर ने ड्राइवर चोरी का आरोपत लगाते हुए इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### बिलासपुर में ड्राइवर के मकान से नकदी और एटीएम ले गए चोर

**बिलासपुर ( ए )।** सिरगिट्टी क्षेत्र के तिफरा में चोरों ने हाई कोर्ट के ड्राइवर के सूने मकान से नकदी रकम, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और चेकबुक पार कर दिया। ड्राइवर ने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

तिफरा के कालिका नगर में रहने वाले पुरेंद्र जांगड़े हाई कोर्ट में ड्राइवर हैं। शनिवार की रात वे खाना खाने के बाद परिवार के साथ सो रहे थे। सबुह जब वे जागे तो उनका पेंट जमीन पर पड़ा हुआ था। पेंट की जेब में रखा पांच हजार रुपए नकद, एटीएम कार्ड, चेकबुक और अन्य दस्तावेज गायब थे। इसके अलावा कमरे से दो मोबाइल भी गायब थे। उन्होंने घर के लोगों से इस संबंध में पूछताछ की। साथ ही इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। इसके बाद सिरगिट्टी थाने में मामले की शिकायत की है। उनकी शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़ पुलिस के टीआई को रेप केस में फंसाने की धमकी

# ब्लैकमेलर युवती व कथित पत्रकार चढ़े पुलिस के हत्थे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में पुलिस अफसर को रेप केस में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक युवती व कथित पत्रकार की मिलीभगत सामने आई है। बीते दो साल से उक्त थाना प्रभारी को इस मामले में फंसाने के नाम पर ब्लैकमेल किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस अफसर की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी युवती व कथित पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला निरीक्षक स्तर के अफसर प्रवीण मिंज से जुड़ा है। आरोपी युवती बिलासपुर के सरकंडा की रहने वाली है, वहीं दूसरा आरोपी एक पोर्टल का पत्रकार बाबा थवाईत (52) है। दोनों आरोपी थाना प्रभारी प्रवीण मिंज को पैसों के लिए लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहे थे। दरअसल युवती ने 2020 में अपने प्रेमी धर्मजयगढ़ निवासी विक्रम मंडल पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। एक बार दोनों में समझौता होने के बाद दोबारा तकरार हुई और युवती ने धर्मजयगढ रायगढ़ निवासी युवक के खिलाफ बिलासपुर में केस दर्ज कराया। इस मामले में केस डायरी धर्मजयगढ़ थानें पहुंची जहां टीआई प्रवीण मिंज पदस्थ थे।




इस मामले में धर्मजयगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुछ माह बाद उसे जमानत मिल गई। इसके बाद युवती ने आईजी बिलासपुर से प्रेमी विक्रम और थाना प्रभारी प्रवीण मिंज पर बलात्कार का आरोप लगाया और तभी से टीआई को ब्लैकमेल करने लगे। हाल ही में कुछ दिन पहले टीआई को कथित पत्रकार ने मिलने बुलाया और सेटलमेंट के लिए 50 हजार रुपए मांगे। टीआई ने मना किया और उसकी ब्लैकमेलिंग व धमकी को रिकार्ड कर लिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की और दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## रावली नदी के तट पर मिली मानव खोपड़ी, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर ( ए )।** लोहत्तर थानांतर्गत सोनादाई में रावली नदी के किनारे एक मानव खोपड़ी पाई गई। खोपड़ी मिलने के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। निकट ही एक टावेल भी मिला है। खोपड़ी किसकी है इसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है। पुलिस में मानव खोपड़ी को जब्त कर सभी बिंदुओं को ध्यान में रख मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर एक युवक को मृत हालत में इलाज के लिए पखांजूर अस्पताल पहुंचाया गया। मामला संदेहास्पद होने के कारण मामले में पखांजूर पुलिस मर्ग कायम उसकी जांच कर रही है।

लोहत्तर थानांतर्गत ग्राम सोनादाई में 1 अक्टूबर की सुबह ग्रामीण रावली नदी की ओर गए हुए थे। नदी के पास मानव कद्ध एक खोपड़ी पड़ी हुई थी। शरीर का अन्य हिस्सा आसपास नहीं था। ग्रामीणों ने तत्काल सूचना लोहत्तर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। कुछ दूरी पर पत्थरों के बीच एक टावेल फंसा हुआ मिला। उक्त टावेल को गांव से लापता ग्रामीण गैंदलाल नुदराम के होने की आशंका जताई गई है। खोपड़ी की पहचान नहीं हो पाई है। खोपड़ी वहां कैसे पहुंची और उसके शरीर के अन्य हिस्से कहां गए यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसे लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

मामले में लोहत्तर पुलिस मर्ग कायम कर इसकी जांच पड़ताल करने के साथ ही खोपड़ी की शिनाख्ती की कोशिश कर रही है। पखांजूर थानांतर्गत ग्राम पीवी 131 निवासी युवक देवव्रत सरकार 38 साल को उसके परिजनों इलाज के लिए पखांजूर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डाक्टरों ने युवक को जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले के बाद आरक्षण के मुद्दे पर लगने लगी याचिकाएं

**बिलासपुर ( ए )।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2012 से लागू 58 प्रतिशत आरक्षण को हाई कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रद कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद राज्य शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर 50 प्रतिशत आरक्षण रोस्टर के अनुसार प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। कोर्ट ने अलग अलग दायर सभी यावहिकाओं को एकसाथ समाहित करने का निर्देश दिया है। अब सभी याचिकाओं की एकसाथ सुनवाई होगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर की तिथि तय कर दी है।

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा खनिज अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। जिसमे 58 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था के तहत रोस्टर जारी कर भर्ती प्रक्रिया को पूरी की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने 50 फीसद आरक्षण व्यवस्था के अनुसार नियुक्त प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के उम्मीदवारों ने इसी इसी मुद्दे को आधार बनाते हुए अपने वकील के जरिये हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। आरक्षण के मुद्दे को लेकर दायर सभी याचिकाओं की अब एकसाथ सुनवाई होगी।

### हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

58 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद डीविजन बेंच ने राज्य शासन के इस निर्णय को असंवैधानिक करार दिया है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों के मन मे आस जगी है। 50 फीसद आरक्षण व्यवस्था के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग को लेकर याचिका दायर की है। पीएससी के उम्मीदवारों ने की शुरुआत है कोर्ट के फैसले के बाद पीएससी 2021 के परीक्षा दिलाने वाले उम्मीदवारों ने याचिका दौर की। पीएससी ने कोर्ट को अंडरटेकिंग दिया है कि शासन के मिलने वाले मार्गदर्शन के बाद ही साक्षात्कार के परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## डामरगोली बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छावनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। आग को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर हैं और आग बुझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पा काबू पाया गया। आग फैक्ट्री में तेजी से फैल गई। मौके पर छावनी पुलिस के अफसर पहुंचे और स्थिति को संभाला। हैं।

मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र छावनी स्थित एम पी टार प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री में रविवार शाम को अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब एक घंटे से भी ज्यादा समय ततक अफरा-तफरी का माहौल रहा। आग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मौके पर सीएसपी छावनी सहित अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे और स्थिति को संभाला।

बताया जा रहा है कि एमपी टार प्रोडक्ट डामर गोली बनाने की फैक्ट्री है। आग लगने का कारण तो सामने नहीं आया लेकिन जो जानकारी निकलकर सामने आई है उसके अनुसार शार्ट सर्किट से आग लगी है। छावनी पुलिस ने बताया है कि आग लगभग 6:30 बजे लगी और उसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया।

## ब्लेड से गला काटकर महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

### युवक बोला-ये चोर है कहकर मुझे बदनाम करती थी, इसलिए मार डाला

**राजनांदगांव ( ए )।** राजनांदगांव जिले में एक युवक ने बुजुर्ग महिला की ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी है। बताया गया कि महिला उस पर चोरी करने का शक करती थी। इसलिए युवक ने महिला की हत्या का प्लान बनाया। फिर हाथ से महिला का मुंह दबाया और ब्लेड से हमला कर उसकी जान ले ली थी। इस मामले में अब पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला डोंगरगांव थाना क्षेत्र का है।



कोकपुर निवासी कुंवर बाई(70) की लाश 28 अगस्त की सुबह मिली थी। उसके पड़ोसियों ने महिला की लाश देखी थी। महिला के शरीर में काफी चोट के निशान थे। पूरे शरीर से खून निकल रहा था। इसके बाद लोगों ने ही पुलिस को इस बात की सूचना दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

पुलिस ने जांच के दौरान गांव के लोगों से पूछताछ की थी। इसी कड़ी में पुलिस ने रोशन उईके(27) से भी पूछताछ की थी। पूछताछ में ही रोशन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। रोशन ने बताया कि कुछ समय पहले महिला के घर चोरी हुई थी। वो उस चोरी के लिए मुझ पर शक करती थी। सब जगह इसने मुझे बदनाम कर दिया कि मैं चोर हूं। मगर मैंने ऐसा नहीं किया था। इसलिए 27 सितंबर की रात को मैं उसके घर पर गया और पहले तो मैंने महिला का मुंह दबाया। फिर ब्लेड से तब तक गला काटा,जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

जुर्म कबूल करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पता चला है कि महिला घर पर अकेले रहती थी। उसके पति की मौत हो चुकी है। जबकि शादी के बास उसकी लड़कियों अपने ससुराल में रहती हैं। पुलिस ने शनिवार को पूरे मामला का खुलासा किया है।

# केवाइसी अपडेट करने का झांसा देकर एक लाख 22 हजार रुपये की ठगी

**रायपुर ( ए )।** केवाइसी अपडेट करने का झांसा देकर बीमा एजेंट के क्रेडिट कार्ड से एक लाख 22 हजार रुपये उड़ा लिए गए। देवेंद्र नगर पुलिस से इसकी शिकायत की गई है। पुलिस के अनुसार, सी-28 बजाज कालोनी, न्यू राजेंद्रनगर निवासी विष्णु रूपरेला (51) एलआइसी एजेंट के साथ पंडरी व्यापारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। 29 सितंबर की दोपहर 2.20 बजे उनके मोबाइल पर 6297331568 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को एसबीआइ कार्ड शाखा से अनिल कुमार बताते हुए केवाइसी अपडेट करने को कहा। उसने एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने पर 66,170 रुपये का ट्रांजेक्सन का संदेश आया।




इसके बाद ठग ने अनिल से ओटीपी पूछा। शंका होने पर अनिल ने बिना ओटीपी बताए फोन काट दिया। दूसरे दिन रात आठ से 8.35 बजे के बीच मोबाइल पर लगातार लेन-देन के छह मैसेज आने पर वे चौंक गए। बिना ओटीपी बताए उनके एसबीआइ क्रेडिट कार्ड से एक लाख बाइस हजार छियालीस रुपये कट गए थे। इसके बाद उन्होंने एसबीआई क्रेडिट कार्ड के एप को खोला तो उनका मेल आइडी भी बदल दिया गया था। यहीं नहीं, ठग ने दोबारा फोन करके ओटीपी भी पूछा था।

साइबर एक्सपर्ट मोनाली गुहा ने कहा, मेरी अब तक की रिसर्च में मैने पाया है कि ज्यादातर साइबर अपराध लालच देकर अथवा डरा धमका कर किए जाते हैं । सभी से निवेदन लालच एवं भय से दूर रहें। साथ ही तकनीक के साथ अपटेड रहे। घर के लोगों को भी जागरूक करें।

साइबर एक्सपर्ट मोनाली गुहा ने कहा, मेरी अब तक की रिसर्च में मैने पाया है कि ज्यादातर साइबर अपराध लालच देकर अथवा डरा धमका कर किए जाते हैं । सभी से निवेदन लालच एवं भय से दूर रहें। साथ ही तकनीक के साथ अपटेड रहे। घर के लोगों को भी जागरूक करें।

### साइबर बचाव के तरीके

- अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड को स्कैन करने से बचिए।
- क्यूआर कोड यदि स्कैन करते भी हैं तो वहां लिखी जानकारी ध्यान से पढ़ें कि वह पेमेंट है या मनी रिक्वेस्ट। सेंड मनी अगर लिखा दिखाई दे तो समझ लीजिए आपके खाते से पैसे कटने वाले हैं
- कई बार आरोपित क्यूआर कोड के आसपास की जानकारी एडिटिंग के माध्यम से बदल देते हैं, इसलिए इमेज में शो होने वाली जानकारी को अपने बैंक के एप में शो होने वाली जानकारी से मैच करके देखें जैसे, संबंधित व्यक्ति की पेमेंट आइडी, अकाउंट इन्फर्मेशन, नाम इत्यादि।
- किसी भी तरह के डर अथवा लालच भरे काल रिसीव करने या मेसेज या लिंक पर क्लिक करने से बचिए। किसी भी तरह की लाटरी, कैशबैक, स्क्रैच कार्ड, या अन्य किसी तरह के ऑफर आदि के बहकावे में न आएं।
- ठगी हो जाने की स्थिति में सबसे पहले अपना खाता, डेबिट व क्रेडिट कार्ड ब्लाक करें और 24 घंटे के भीतर 155260 पर शिकायत करें। साथ ही अपने नजदीकी थाने संबंधित बैंक में भी शिकायत करें।
- जब भी कोई फोन काल पर ओटीपी मांगे अथवा कोई एप इंस्टाल करने को कहे तो तुरंत फोन कट कर दें, उनकी बात मानने पर हैकिंग अथवा ठगी का शिकार हो सकते हैं।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# दो साल बाद नवरात्रि की धूम, बंगाली पंडाल में दी अंजली, दोपहर को भोग खाने उमड़े लोग

## हवन के बाद मंदिरों में कन्याभोजन, भजन-कीर्तन भी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** कोविड के दो साल बाद इस बार नवरात्रि की धूम है। बंगाली पंडालों में अष्टमी के दिन जहां लोगों ने सुबह निर्जला रहकर अंजली दी। वही दोपहर को भोग खाने लोग उमड़ पड़े। इधर कई मंदिरों और दुर्गा पंडालों में सुबह हवन हुए तो कई जगह शाम को हवन की तैयारी है। नवरात्रि के पहले दिन से लेकर अष्टमी तक मंदिरों में कई आयोजन हो रहे हैं। कही भजन तो कही नौ दिनों तक कन्या पूजन के साथ अलग-अलग आयोजन तो कही माता की चौकी का भी आयोजन हो रहा है।



अष्टमी के दिन सोमवार को घरों में भी विशेष पूजन हुए।

देवीभक्तों ने अष्टमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार कर उन्हें हलुआ, पूडी, खीर का भोग भी लगाया। दुर्ग के चंडी मंदिर, सतरुपा शीतला मंदिर, सत्तीचौरा मंदिर सहित भिलाई के मां वैष्णोदेवी मंदिर सेक्टर 4, राजराजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, मां जगदम्बा मंदिर सेक्टर 6, महाराणा प्रपात भवन सेक्टर 7 स्थित मां दुर्गा मंदिर, सहित सुपेला के शीतला मंदिर में अनुष्ठान हुआ।



### दो दिन चलेगा कन्या पूजन

अष्टमी के दिन देवी स्वरूप कन्याओं का घरों से लेकर मंदिरों में पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। हवन के बाद कन्याओं को नैवैद्य अर्पण कर उन्हें उपहार दिया गया। सिर पर लाल चुनरी ओढ़ाकर महिलाओं ने भी कन्याओं से आशीर्वाद मांगा।

## खास - खबर

### भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री दीपिका सिंह एवं दुर्ग सांसद ने दी शतचंडी यज्ञ में आहुति



**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा, दुर्ग में क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर विगत 6 दिनों से चल रहे 9 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ में प्रतिदिन बढ़ते कर्म में सैकड़ों धर्मप्रेमी के साथ साथ राष्ट्रीय पार्टी के नेता, समाज सेवी, समाज सेवी, कलाकार एवं जिले के विद्वान पण्डित भी पहुँच रहे है यज्ञ का लाभ लेने. यज्ञ के यज्ञाचार्य दिवाकर शास्त्री जी ने आज शतचंडी यज्ञ के विषय मे संक्षिप्त बात बताई, उन्होंने बताया कि माता जी ने महाकाली के रूप में राक्षसों का संहार किया, जिसका वर्णन मार्कंडेय पुराण में श्री दुर्गा सप्तशती नामक गंथ में वर्णित है। श्री दुर्गा सप्तशती के पाठ को 108 बार करने को शतचंडीपाठ महायज्ञ कहा जाता है, पाठ को 1000 बार करने को सहस्त्रचंडी महायज्ञ कहा जाता है और पाठ को एक लाख बार करने पर लक्ष्यचंडी महायज्ञ कहा जाता है। मां दुर्गा को शक्ति की देवी कहा जाता है। दुर्गा जी को प्रसन्न करने के लिए जिस यज्ञ विधि को पूर्ण किया जाता है, उसे शतचंडी यज्ञ बोला जाता है। नव कुंडीय चंडी यज्ञ को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली वर्णित किया गया है। इस यज्ञ से बिगड़े हुए ग्रहों की स्थिति को सही किया जा सकता है और सौभाग्य इस विधि के बाद आपका साथ देने लगता है। इस यज्ञ के बाद मनुष्य खुद को एक आनंदित वातावरण में महसूस कर सकता है। वेदों में इसकी महिमा के बारे में यहां तक कहा गया है कि शतचंडी यज्ञ के बाद आपके दुश्मन आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। इस यज्ञ को गणेशजी, भगवान शिव,नवग्रह और नव दुर्गा (देवी) को समर्पित करने से मनुष्य जीवन धन्य होता है। यज्ञ विद्वान ब्राह्मण द्वारा किया जाता है, क्योंकि इसमें 700 श्लोकों का पाठ किया जाता है, जो एक निपुण ब्राह्मण ही कर सकता है।

### गांधी जी ने आजादी, शास्त्री जी ने अन्न दिया - कुरैशी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 153वीं जयंती एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न श्री लालबहादुर शास्त्री जी के 118वीं जयंती के अवसर पर केम्प-1 गांधी चैक में स्थापित महात्मा गांधी जी के आदमकद प्रतिमा में एवं श्री लालबहादुर शास्त्री जी के तैल्यचित्र पर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और कुरैशी एवं कांग्रेस जनों ने माल्यअर्पण कर जयंती मनाई। कुरैशी ने अपने उदबोद्धन में सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलकर भारत को आजादी दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलकर दुनिया के अन्य देश जो गुलामी में जिंदगी जी रहे थे, अन्य देशों को आजादी दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की अहम भूमिका रही। लालबहादुर शास्त्री जी देश के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया और सन् 1965 में पाकिस्तान ने हमारे देश में युद्ध छेड़ दिया उस वक्त हमारे देश की आर्थिक स्थिति खराब थी अनाज के लिए हमें दूसरे देशों का सहारा लेना पडता था। जय जवान जय किसान का शास्त्री जी ने नारा दियाहमारा देश आज भी स्वालम्बी है 3 साल बारिस नहीं होने के बावजूद हमारे देश में इतना अनाज होने लगा है कि अकाल नहीं पड़ सकता है 1965 में पाकिस्तान को हार का मुंह देखना पड़ा।

## बजरंगी लाल सिंह निर्वाचित हुए भिलाई युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। पिछले दिनों सम्पन्न हुए भारतीय युवा कांग्रेस के संगठन चुनावों में भिलाई से बजरंगी लाल सिंह ने भी नामंकन दाखिल किया था जिसमे बजरंगी लाल सिंह ने बिना किसी पैनल और किसी नेता के सहयोग के बिना 762 वोट सदस्यता अभियान चला कर पाया जिससे वो भिलाई के युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है,जिससे सभी साथियों में हर्ष का माहौल है।

उन्होंने बताया यह जीत मेरे साथियो को समर्पित है आने वाले समय मे संगठन को मजबूती देने और कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जन जन पहुचाने का कार्य करते रहेंगे ,बजरंगी लाल सिंह वर्तमान में अंसगठित



कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद में है, पूर्व में भी संगठन में विभिन्न पदों में रहते हुए कार्य किया है बजरंगी लाल ने कांग्रेस पार्टी और सम्मानित नेता राहुल गांधी के प्रति आभार जताया जिनके सोच के स्वरूप ही युवाओ को स्थान देने का काम किया है।

## भिलाई ने स्वच्छ सर्वेक्षण के महामुकाबले में लगाई लंबी छलांग, पूरे देश में मिला 21 वा स्थान, निगम एवं भिलाई वासियों की मेहनत रंग लाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई शहर को थ्री स्टार का खिताब प्राप्त हो चुका है, वहीं अगर छत्तीसगढ़ की बात करें तो भिलाई शहर को तीसरा रैंक हासिल हुआ है, पूरे भारत में एक से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में भिलाई 21 वे नंबर पर है।

भिलाई की स्वच्छता रैंकिंग की बात करें तो वर्ष 2018 में 71 रैंक, 2019 में 11रैंक, 2020 में 34 तथा 2021 में 29 रैंक था। स्वच्छता के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में ब्रांड एंबेसडर ने अपनी सक्रियता




दिखाई और बेहतर परिणाम हासिल हुआ। इसके साथ ही विधायक देवेंद्र यादव, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर तथा तत्कालीन आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छता के निचले स्तर के कर्मचारियों से लेकर सभी अधिकारियों ने कड़ी मेहनत की और शहर के जागरूक नागरिक तथा बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों ने अवार्ड दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सर्व जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित उनकी टीम ने सफाई व्यवस्था का पूरा जिम्मा संभाला हुआ है। निगम ने स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर विशेष रुप से ध्यान देते हुए कार्य किया है जिसकी बदौलत आज स्वच्छता के सबसे बड़े मुकाबले में भिलाई ने गौरव हासिल किया है।

कचरा मुक्त शहरों की सूची में शामिल हो चुका है स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में कचरा मुक्त शहरों में भिलाई नगर को सम्मिलित किया जा चुका है तथा भिलाई 3 स्टार रेटिंग प्राप्त कर चुकी है। भिलाई शहर की जनता स्वच्छता के प्रति जागरूक है तभी भिलाई कचरा मुक्त शहर में शामिल हो सका है। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निगम प्रशासन ने स्टार रेटिंग एवं वाटर प्लस पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया था। स्वच्छ सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया गया।

## गांधी जयंती पर बुजुर्गों को सहारा मिला तो भर आई आंखें

### जीई फाउंडेशन ने वृद्धाश्रम पहुंच कर बुजुर्गों के साथ वक्त बिताया, उपहार भी दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सामाजिक संगठन गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने महात्मा गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर रविवार को वृद्धाश्रम रामशिला की कुटिया पहुंच कर यहां रह रहे बुजुर्गों के साथ वक्त बिताया। डीपीएस दुर्ग के करीब जुनवानी रोड पर स्थित इस वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों में ज्यादातर ऐसे हैं, जिन्होंने अपने पारिवारिक दायित्व को अपने सेवाकाल में बखूबी निभाया लेकिन अब जीवन के इस मोड़ पर उनके अपनों ने ही यहां लाकर छोड़ दिया। जीई फाउंडेशन के सदस्यों ने जब इन बुजुर्गों के साथ आत्मीयता से बात की तो इन सभी की आंखें भर आईं।

शुरूआत में इस वृद्धाश्रम के संचालक कल्याणी वेलफेयर एंड रिसर्च आर्गेनाईजेशन के अजय कल्याणी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके संगठन द्वारा नशा मुक्ति केंद्र भी



चलाया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। जीई फाउंडेशन ने यहां इन बुजुर्गों को स्वेटर, मफलर और सर्दी से बचने कैप सेट दिए। सभी को एक वक्त का भोजन कराया गया। वहाँ रह रहे वृद्धजनों ने फाउंडेशन के सदस्यों से नियमित आने का आग्रह किया वहीं समाजसेवा के क्षेत्र में आगे भी गतिविधियां चलाने जरूरी सुझाव दिए। इस मौके पर जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लै, के. वी विनोद , अमरजीत सिंह और अजीत सिंह मौजूद थे। वहीं वृद्धाश्रम संचालक संस्था की ओर से अजय कल्याणी,गोपाल खाड़े व अन्य भी मौजूद थे। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बुजुर्गों को भविष्य में भी मिलते रहने का भरोसा दिलाया।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल होंगे महमूद अशरफ

**भिलाई।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद की यौमे पैदाइश (जन्मदिन) पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर इस बार जुलूसे मुहम्मदी में किछौछा शरीफ से हजरत महमूद अशरफ शिरकत करेंगे। ईद मिलादुन्नबी पर रहमते आलम कॉन्फ्रेंस 9 अक्टूबर इतवार की शाम बाद नमाज मगरिब जामा मस्जिद सेक्टर-6 में रखी गई है। जिसमें मेहमाने खुसूसी आले नबी औलादे अली फर्जंद गौसे आजम सैयद मोहम्मद महमूद अशरफ अशरफी जिलानी सज्जादा नशीन आस्तान-ए-आलिया -खानकाह अशरफिया किछौछा मुकद्दसा होंगे। यह कॉन्फ्रेंस जामा मस्जिद सेक्टर-6 के साबिक ईमान सैयद मोहम्मद अजमलुद्दीन हैदर और मौजूदा इमामो खतीब इकबाल अंजुम हैदर की जेरे सरपरस्ती होगा। यह कॉन्फ्रेंस फरीदनगर के गुलाम मोहिउद्दीन अशरफी के जेरे निजामत होगा।

## ओए-बीएसपी भिलाई बिरादरी की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष एन. के. बन्छोर एवं महासचिव परविन्दर सिंह ने आज संयुक्त बयान जारी कर, कल दिनाक 1 अक्टूबर की घटना, जिसमे ड्यूटी कर रहे अधिकारियो कर्मचारियों के परिवार को अपाहिज करने की धमकी दी गई।

जिसकी की घोर निंदा की हैं और जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन से मांग की हैं कि आए दिन नगर सेवा विभाग के कार्यो मे कार्य स्थल पर आकर कुछ छुटभइए नेता, राजनैतिक संरक्षण प्राप्त लोग दखलअंदाजी करतें हैं और कार्य को बाधित करतें हैं, मंशा अनुसार कार्य ना होने पर धमकिया देते हैं, ऐसे लोगो से बीएसपी के अधिकारियो एवं कर्मियों को सुरक्षा प्रदान कराए, कल सिविक सेंटर मे कब्जे हटाने के दौरान शरद मिश्रा द्वारा दी गई धमकी परिवार जनो को अपाहिज कर दूंगा काफी गंभीर हैं, इस पर न्यायोचित कार्यवाही की अपेक्षा एवं मांग भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर्स एशोसिएशन करता हैं ताकि बी एस पी के टाउनशिप मे बी एस पी अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षित रह सके तथा प्रबंधन की मंशा अनुरूप कार्य करतें रहे, अध्यक्ष एन के बन्छोर ने कहा कि आगे किसी भी कीमत मे संयंत्र के कार्यो मे बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भिलाई नगर रहवासियों की सुरक्षा हेतु अवैध कब्जाधारियों को हटाकर सड़क का चौड़ीकरण किया गया है जिससे सिविक सेंटर का यातायात सुरक्षित हो सके।

### कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने निरीक्षण कर लिया जायजा, सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

## शहीद पार्क में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीरिडिंग जोन, पढ़ाई के लिए मिलेगा अनुकुल माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई में प्रदेश का पहला ऑक्सी रीडिंग जोन तैयार होने वाला है, छात्र-छात्राओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए यह एक सुखद खबर है, यही नहीं इसके साथ ही चिल्ड्रन रीडिंग जोन, इनफॉरमल रीडिंग एरिया, स्टाफ रूम, बुक ड्रॉप एवं सिक्योरिटी एरिया, कॉन्फ्रेंस एवं मीटिंग रूम, ई लाइब्रेरी, न्यूज पेपर व मैगजीन स्टैंड आदि की सुविधा भी इसमें मौजूद होगी।

कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने इसकी अधोसंरचना और प्रदाय होने वाली सुविधाओं को लेकर निगम तथा बीएसपी के अधिकारियों के साथ स्पॉट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि



भिलाई में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्रों से भिलाई पहुंचते हैं, पढ़ाई के लिए अच्छे कंटेंट की आवश्यकता होती है, भिलाई एजुकेशन हब के नाम से जाना जाता है ऐसे में पब्लिक लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मददगार साबित होगी। उन्होंने ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर बेहतर कांसेप्ट के साथ लाइब्रेरी/ऑक्सी रीडिंग जोन का निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लेजर शो के माध्यम से शहीद भगत सिंह की वीर गाथा तथा म्यूजिकल फाउंटेन का अवलोकन किया। पूरे उद्यान का निरीक्षण कर उन्होंने कहा कि प्रतिदिन यहां काफी संख्या में लोग अपने परिवार सहित पहुंचते हैं इसलिए साफसफाई और नियमित रूप से गार्डन मेंटेन पर विशेष ध्यान रखें।

उल्लेखनीय है कि भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 05 में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज की पहल पर ढाई करोड़ की लागत से बनने वाला परिसर प्रदेश में बने अन्य लाईब्रेरी से हटकर होगा, गार्डन के हरे भरे वातावरण के बीच पूर्णत: वातानुकुलित माहौल में पढ़ाई करने का माहौल रहेगा। एजुकेशन हब के रूप में भिलाई की पहचान में इस यूनिक रिडिंग जोन के बनने से भिलाई के गौरव में एक और सितारा जुड़ेगा। पढ़ने लिखने के लिए अच्छा माहौल मिलेगा तो शहर के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को देखते हुए ऑक्सीरिडिंग जोन बनाने की प्लानिंग की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा इसकी घोषणा गई थी, जिस पर त्वरित अमल किया जा रहा है और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। प्रदेश में यूनिक तरह से बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन में पढ़ाई के लिए अनुकुल माहौल मिलेगा जहां शहर के साथ ही अन्य जिले तथा प्रदेश के बाहर से आकर भिलाई में रहकर पढ़ाई करने वालों के लिए बेहद कारगार साबित होगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी जोन आयुक्त जोन क्रमांक 5 एनआर रत्नेश, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे एवं बीएसपी के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में दुर्ग जिले का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। स्वच्छ भारत दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण में ईस्ट ज़ोन में रैंक दो हासिल करने पर दुर्ग जिले को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव , उपाध्यक्ष अशोक साहू एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन ने सम्मान ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। ड्रेनेज की विशेष व्यवस्था की गई। स्वच्छता दीदियों के माध्यम से घर-घर जाकर सूखा कचरा, गीला कचरा एकत्र किया गया और इन्हें पृथक किया गया और इससे कंपोस्ट खाद बनाने की व्यवस्था भी की गई। सोक पीट बनाने के लिए विशेष रूप से ग्रामीणों को



प्रेरित किया गया। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरे को लेकर विशेष कार्य किया गया। प्लास्टिक कचरे को रोकने के लिए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को सहूलियत प्रदान करने के लिए बर्तन बैंक का आरंभ किए गए इसके माध्यम से प्लास्टिक कचरा रोकने में मदद मिली। स्वच्छताग्राही दीदियों का इसमें विशेष योगदान रहा।

उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया जिसका अच्छा परिणाम आज सामने आया और अच्छी रैंक दुर्ग जिले को हासिल हुई और सम्मान हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950